www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 27 मई 2022, शुक्ल पक्ष एकादशमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-44 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

जिंदगी की हर सुबह कुछ शर्तें लेकर आती है, और जिंदगी की हर शाम कुछ तजुर्बे देकर जाती है!

आज बेबाक

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने जब देखा कि हाथ उन्हे राज्यसभा में नहीं पहुंचा सकता तो उन्होने उसका साथ छोड़ने में देर नहीं लगाई। अब वे सायकल पर सवार होकर राज्यसभा में पहुंचेंगे। सही बात है। नजर मंजिल पर होनी चाहिए उसे हासिल करने कोई भी रास्ता क्यों न चुनना पड़े। इसे कहते है देश सेवा का जज्बा। हर हालत में संसद में पहुंचना है। भले ही इसके लिए पार्टी बदलनी पड़े। ऐसे दल बदलुओं पर सटीक बैठती है ये पंक्तियां- तेरी है ऐसी फितरत तो अपना भी यह तौर सही, तू नहीं तो और सही और नहीं तो और सही।

सूर्योदय

उदय : 5.25 प्रात:

अस्त : 7.11 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,949,397,390

भारत : 1,406,205,340

बाजार

सेंसेक्स : 53749.26

निफ्टी : 16025.80

गोल्ड : 52,250 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.6 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	40.2	26.1
बिलासपुर	39.5	24.0
जगदलपुर	37.6	23.0
अंबिकापुर	36.4	20.7

आज का दिवस

वेसाक दिवस

विश्व स्तर पर 26 मई को वेसाक दिवस मनाया गया है। वेसाक, पूर्णिमा का दिन दुनिया भर के बौद्धों के लिए सबसे पवित्र दिन है। इस दिन भगवान गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2000 से यह दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाने का संकल्प 1999 में पारित किया गया था। 2004 से, अंतर्राष्ट्रीय वेसाक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 2019 में, यह वियतनाम में आयोजित किया गया था। अब तक यह शिखर सम्मेलन थाईलैंड में 11 बार, वियतनाम में 3 बार और श्रीलंका में 1 बार हो चुका है। बुद्ध के जन्मदिन को वेसाक दिवस के रूप में मनाने का निर्णय पहली बार 1950 में श्रीलंका में आयोजित बौद्धों के विश्व फैलोशिप सम्मेलन में औपचारिक रूप से दिया गया था। सम्मेलन में कई देशों के बौद्ध नेताओं ने भाग लिया था।

चेस के स्टेट प्लेयर्स को खेलते देख सीएम बोले-आप तो मुझे देखने लगे, आपका ऊंट तो गया लेकिन कोई परेशानी नहीं...

मुख्यमंत्री भूपेश बच्चों को कहा कि मानसिक विकास के लिए चेस बहुत अच्छा गेम

जगदलपुर/नवप्रदेश। 'आप तो मुझे देखने लगे', आपका ऊंट तो गया। कोई परेशानी नहीं, वजीर आगे बढ़ा सकते हो''। चेस के स्टेट प्लेयर्स बच्चों के बीच चल रहे गेम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अचानक पहुंचे और यह कहकर बच्चों को चौंका दिया। दरअसल, बच्चे का ध्यान मुख्यमंत्री को देखकर बाजी से हट गया था और उसने चूक कर दी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चेस में तल्लीनता जरूरी होती है। आपने तल्लीनता खो दी और आपका ऊंट खतरे में आ गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बच्चों को चेस के कुछ टिप्स भी बताये। मुख्यमंत्री के सामने चेस खिलाड़ी प्रियांश तिवारी और मानस तिवारी गेम खेल रहे थे। मुख्यमंत्री ने चेस प्लेयर बच्चे सक्षम के साथ एक गेम भी खेला। उन्होंने चेस खेल रहे बच्चों को कहा कि शतरंज का खेल भारत का प्राचीन खेल है और बहुत बौद्धिक खेल है। यह खेल मानसिक विकास के लिए सबसे अच्छा गेम है। बहुत अच्छी बात है कि आप लोग स्टेट लेवल पर खेल रहे हैं। भारत में चेस के महानतम खिलाड़ी हुए हैं। आप लोगों के पास भी बहुत सी संभावनाएं हैं। खूब खेलें और देश का नाम रौशन करें।

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के भैंसगांव में बड़ी घोषणाएं

- नयापारा भैंसगांव से सौरागांव तक पक्की सड़क की घोषणा
- आश्रित गांव सौंरापाल के माध्यमिक स्कूल का हाई स्कूल में उन्नयन
- बस्तर डाइट डीएड को बीएड में उन्नयन की घोषणा
- ग्राम चोकर में विद्युत उपकेन्द्र की घोषणा
- गांव नंदीसागर में सहकारी बैंक की शाखा खोलने की घोषणा
- बड़े चकवा ग्राम में मिनी स्टेडियम के निर्माण की घोषणा

सीएम की पारखी नजरों ने भीड़ में भी रोती हुई बेटी को देख लिया

बस्तर विधानसभा का भैंसगांव ग्राम पंचायत, हजारों की भीड़ में से लोग अपनी अपनी बात मुख्यमंत्री के सामने रख रहे हैं। इस भीड़ में एक बेटी सुबक रही है, आंखों से आंसू बह रहे हैं, कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पारखी नजरों ने भीड़ में भी रोती हुई बेटी को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री ने भी आजमाया हाथ

कोरोना काल में जब स्कूल बंद रहने पर बच्चों की सीखने की प्रक्रिया बाधित न हो, इसके लिए कलेक्टर के निर्देश पर गांव के युवकों-युवतियों ने दुबागुड़ा में सीख केंद्र अर्थात लर्निंग सेंटर खोल लिया। इस लर्निंग सेंटर में 32 बच्चों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उस्का कांदा की सब्जी का सीएम ने लिया आनंद

सीएम ने विकासखंड बकावंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राजनगर में किसान लखेश्वर कश्यप के घर पर पारंपरिक भोजन का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री को सरगी (साल) के पत्ते से बने पत्तल और दोने में महुकुची चावल (ढेंकी कूटा), कोदो चावल, उसना चावल, बासा भोग, बोड़ा आमट बास्ता(खटाई), चरोटा भाजी, सेमिबीजा+कोयलारी भाजी, उस्का कांदा+ राहर दाल, पेज(कुल्थी+जोन्धरा(मक्का+माड़िया+ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जब बुजुर्ग ने लोक शैली में गीत गाकर की योजनाओं की तारीफ

बस्तर विधानसभा के भैंसगांव ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों से योजनाओं की जानकारी ले रहे थे। इसी दौरान एक बुजुर्ग अपने स्थान से खड़े हुए और उन्होने मुख्यमंत्री से कहा वो कुछ कहना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने बुजुर्ग से उनका नाम पूछा तो बुजुर्ग ने अपना नाम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

56 करोड़ 42 लाख के कार्यो का लोकार्पण-भूमिपूजन

मुख्यमंत्री ने आज जिला मुख्यालय जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में 56 करोड़ 42 लाख रुपये के 27 विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 11 करोड़ 88 लाख रुपये के 8 कार्यों का भूमिपूजन एवं 44 करोड़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सेनानी की जांबाजी को मुख्यमंत्री का सलाम

मुख्यमंत्री ने नगर सेना के सेनानी एसके मार्बल को हाथ मिलाकर बधाई दी। मुख्यमंत्री के दरभा मंगलपुर भेंट मुलाकात के बाद वापस आते समय नगर सेना के अधिकारी श्री मार्बल और उनकी टीम ने कल दरभा घाटी में तेंदुपत्ता से भरे ट्रक के पलटने पर मानवीयता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वेश्यावृत्ति को सुप्रीम कोर्ट ने माना वैध पेशा, पुलिस नहीं कर सकती दखलंदाजी

कोर्ट ने कहा सेक्स वर्कर भी कानून के समक्ष सम्मान व बराबरी के हकदार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरूवार को अहम फैसले सुनाते हुए देश में वेश्यावृत्ति को वैध करार दिया है। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस को आदेश दिया है कि उन्हें सेक्स वर्कर्स के काम में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। पुलिस को बालिग और सहमति से सेक्स वर्क करने वाली महिलाओं पर आपराधिक कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। अपने आदेश में कहा है कि सेक्स वर्कर भी कानून के समक्ष सम्मान व बराबरी के हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सेक्स वर्करों के अधिकारों की रक्षा के लिए छह सूत्रीय दिशानिर्देश भी जारी किए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि पुलिस इसमें दखलंदाजी नहीं कर सकती और न ही सहमति से यह कार्य करने वाले सेक्स वर्करों के खिलाफ कोई कार्रवाई कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एल.नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने यह अहम फैसला दिया। पीठ ने सेक्स वर्करों के अधिकारों की रक्षा के लिए छह सूत्रीय दिशानिर्देश भी जारी किए हैं। शीर्ष कोर्ट ने अपने आदेश में साफकहा कि जब यह स्पष्ट हो जाए कि सेक्स वर्कर वयस्क है और सहमति से इस पेशे में शामिल है तो पुलिस को हस्तक्षेप करने या कोई आपराधिक कार्रवाई करने से बचना चाहिए।

बच्चे को मां से अलग नहीं कर करते- महिला सेक्स वर्कर है,सिर्फ इसलिए उसके बच्चे को मां से अलग नहीं कर सकते। अगर बच्चा वेश्यालय या सेक्स वर्कर के साथ रहता है तो इससे यह साबित नहीं होता कि वह बच्चा तस्करी कर लाया गया है।

संवेदनशील बने पुलिस- सेक्स वर्कर के साथ अगर कोई भी अपराध होता है तो तुरंत उसे मदद उपलब्ध कराई जाए। उसके साथ यौन उत्पीड़न होता है तो कानून के तहत तुरंत मेडिकल सहायता सहित वो सभी सुविधाएं मिलें जो यौन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वेश्यालय चलाना है गैरकानूनी - सुप्रीम कोर्ट

बेंच ने अपने आदेश में कहा, इस देश के हर नागरिक को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार मिला है। अगर पुलिस किसी वजह से उनके घर पर छापेमारी भी करती है तो सेक्स वर्कर्स को गिरफ्तार या परेशान न करे। अपनी मर्जी से वेश्यावृत्ति करना अवैध नहीं है, सिर्फ वेश्यालय चलाना गैरकानूनी है।

डिफॉल्टर देश बन सकता है पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में निजाम बदलने के बाद भी न तो राजनीतिक हालात स्थिर हो रहे हैं और न ही आर्थिक संकट कम होने का नाम ले रहा है। पाकिस्तान में लगातार गिरती रुपये की कीमत और विदेशी मुद्रा का संकट श्रीलंका जैसे हालात पैदा करने के लिए काफी हैं। पाकिस्तान जल्द ही डिफॉल्टर देश बन सकता है। पाकिस्तान की इकॉनमी बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। पाकिस्तान में इन्वेस्ट करने से निवेशक भी डरे हुए हैं। पाकिस्तान अगर श्रीलंका जैसे हालात से बचना चाहता है तो उसके पास केवल बेलआउट पैकेज ही सहारा है। अगर उसे बेलआउट पैकेज नहीं मिलता है तो इतिहास में दूसरी बार ऐसा होगा कि पाकिस्तान ग्लोबल डिफॉल्टर घोषित हो जाएगा।

जिंदा सरपंच और उप सरपंच की सोशल मीडिया में फैलाई मौत की खबर

■ सांत्वना देने घर पहुंचने लगे लोग

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक सरपंच व उपसरपंच की मौत की खबर सोशल मीडिया में वायरल कर दी गई जिससे उनके जान-पहचान के लोग संबंधितों के घर सांत्वना देने पहुंचने लगे। परिवारवाले भी परेशान कि अचानक इतने रिश्तेदार क्यों आ रहे हैं? घर में भीड़ भी क्यों जुट रही है? कई जान-पहचान के लोगों के फोन आने लगे तो माजरा सुनकर परिजन भी हैरान रह गए। इस हरकत के लिए सरपंच,उप-सरपंच सहित समाज के लोगों ने एफआईआर दर्ज कराने थाने में आवेदन दिया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गांव का युवक 9 मई से लगातार फैला रहा था यह अफवाह-

दरअसल, इस अफवाह के कारण सरपंच मोहन लाल साहू और उपसरपंच सुरेंद्र साहू के परिवारों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। परिचित व रिश्तेदार उनके घर सांत्वना देने पहुंच जाते थे। घर पहुंचने पर माजरा पता चलता था। महेश साहू 9 मई से लगातार यह अफवाह फैला रहा था। पहले की कुछ और गलतियों के लिए उसे गांव में बैठक कर समझाया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धारदार हथियार से युवक की हत्या,पुल के नीचे फेंका

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी में एक युवक को बुरी तरह से पीटकर धारदार हथियार से वार किए गए और फिर लगभग 15 फीट ऊंचाई से निर्माणाधीन पुल के नीचे फेंक दिया गया। पुलिस को गुरुवार सुबह युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। यह मामला सिहावा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुरुवार सुबह सूचना मिली कि नगरी मार्ग पर निर्माणाधीन सोनामागर पुल के नीचे एक युवक का शव पड़ा है। शव पर कई जगह पर चोट के निशान मिले हैं। शरीर पर धारदार हथियार से भी वार किया गया था। अभी तक कि जांच में सामने आया है कि निर्माणाधीन पुल से युवक को नीचे फेंका गया था।

हत्यारे युवक को घसीट कर पिलर के नीचे लाए और वहां छोड़कर भाग निकले। जमीन में युवक को घसीटने के निशान भी मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि देर शाम ही युवक की हत्या कर दी गई थी। पुलिस की जांच में पता चला है कि वारदात में दो से तीन लोग शामिल हो सकते हैं। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। हालांकि युवक की कलाई पर अरुण नाम लिखा हुआ है।पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ करके युवक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक वारदात रात करीब 6 से 10 बजे के बीच की है। काम बंद होने के बाद सभी मजदूर चले गए थे। यह भी आशंका है कि युवक की कहीं और हत्या करने के बाद शव वहां लाकर फेंका गया। मौके पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड को भी बुलाया गया है।

सुजवां आतंकी हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। अप्रैल माह में पीएम नरेंद्र मोदी के जम्मू कश्मीर दौरे से दो दिन पहले सुजवां इलाके में हुए आतंकी हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। मामले की जांच कर रही एनआईए के आधिकारिक प्रवक्ता ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पकड़ा गया आतंकी जैश-ए-मोहम्मद का सदस्य है। दरअसल, धारा 370 हटने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल पहुंचे थे। उनके घाटी पहुंचने के दो दिन पहले सुजवां इलाके में आतंकियों ने सीआरपीएफ की कैंप बस पर हमला बोला था।

गरमा-गरम

आरोप... **कांग्रेस ने बुकलेट छापकर गिनाई मोदी सरकार की विफलताएं**

8 साल के 8 छल, केन्द्र पर कांग्रेस का रिपोर्ट कार्ड

नई दिल्ली /नवप्रदेश। केंद्र में भाजपा की सरकार 30 मई को अपने 8 साल पूरे कर रही है । केंद्र सरकार अपनी सफलता का जश्न मनाए इससे पहले कांग्रेस ने बुकलेट छापकर सरकार की विफलताएं गिनानी शुरू की है। अजय माकन और रणदीप सिंह सुरजेवाला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सरकार पर हमला बोला। गुरुवार को कांग्रेस पार्टी ने एक बुकलेट जारी करके भाजपा सरकार की कथित विफलताएं गिनाने का काम शुरू किया है। इस बुकलेट का नाम-8 साल, 8 छल,भाजपा सरकार विफल रखा गया है।

किसके अच्छे दिन आए-

प्रेस कॉन्फ्रेंस में रणदीप सिंह सुरजेवाला और अजय माकन ने सवाल किया,किसके अच्छे दिन आए? अजय माकन तथा रणदीप सिंह सुरजेवाला ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार की 8 बड़ी विफलता गिनाते हुए पुस्तिका जारी की। कहा कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में सिर्फ छल ही किए हैं और जन हित में कहीं कोई उल्लेखनीय काम नहीं किया है। 8साल में महंगाई से लोगों का जीवन तबाह कर दिया है। आठ साल में इस सरकार ने 27 लाख करोड़ रुपए पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क लगा कर कमाएं हैं और इस एक्साइज ड्यूटी 110 प्रतिशत बढाई है जबकि गैस पर सब्सिडी खत्म की गई है जिससे 2014 में 410 रुपए का सिलेंडर आज 1,000 पर पहुंच गया है। सीएनजी 35 रुपये से 75 रुपये प्रति किलो हो गई है। आवश्यक दवाओं तथा खाद्य वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। टैक्स बढ़ाकर जनता को लूटा जा रहा है जबकि कॉरपोरेट टैक्स को कम किये जा रहे हैं।

सरकारी नीतियों के कारण 48 करोड़ लोग बेरोजगार

मोदी सरकार का दूसरा छल बेरोजगारी को बताते हुए उन्होंने कहा कि आज बेरोजगारी 7.9 प्रतिशत के स्तर पर है जो 45 साल में सबसे ज्यादा है। देश में आज इस सरकार की नीतियों के कारण 48 करोड़ लोग बेरोजगार हैं जबकि सरकारी नौकरी के 62 लाख पद खाली पड़े हैं। जिस विनिर्माण क्षेत्र को हब बनाने की बैठक रही थी। ढाई लाख लोग इस विनिर्माण क्षेत्र में बेरोजगार हुए हैं। सेना और पुलिस में नौ लाख तथा रेलवे में 2 लाख से ज्यादा पद खाली हैं।

वैश्विक मापदंड में भारत

ग्लोबल हंगर इंडेक्स के अंदर भारत 2014 के अंदर 55 वें पायदान पर था, जो आज बढ़कर 101 वें पायदान पर ग्लोबल हंगर इंडेक्स के अंदर भारत पहुंच गया। आप सोचिए 55 नंबर से बढ़कर 101 वें नंबर पर। ये भारत का विश्व के अंदर ग्लोबल हंगर इंडेक्स के अंदर इतनी प्रगति भारत के अंदर की, जिसको ये विश्वगुरु बना रहे हैं। फ्रीडम ऑफप्रेस, आप सब के सब साथी 140 से ऊपर बढ़कर फ्रीडम ऑफप्रेस के अंदर हमारी विश्व की गिनती के अंदर 150 पर आ गए। जेंडर गेप इंडेक्स 114 से बढ़कर 140 पर पहुंच गए। रुल ऑफलॉ, जो कि हमारे किसी भी लोकतंत्र के लिए सबसे महत्वपूर्ण है, रुल ऑफलॉ इंडेक्स में 35 से बढ़कर हम 79 पर हम लोग पहुंच गए। सोशल प्रोग्रेस इंडेक्स 102 से बढ़कर 115 पर पहुंच गए। डेमोक्रेसी इंडेक्स, लोकतंत्र, जिसे हम कहते हैं कि भारत में अब लोकतंत्र नहीं रहा, 27 से आगे बढ़कर हम 46 पर पहुंच गए हैं। ग्लोबल फूड सिक्योरिटी इंडेक्स में भी हम 69 से बढ़कर हम 71 तक हम सब के सब लोग पहुंच गए। तो हर वैश्विक मापदंड के अंदर भारत फिसलता जा रहा है और भारत नीचे गिरता जा रहा है। आज भारत की स्थिति ये हो गई है।

संपादकीय

यासिन मलिक को उम्रकैद की सजा

इस धरती की जन्नत कहे जाने वाले कश्मीर को जहन्नुम बनाने वाले कुख्यात आतंकवादी यासिन मलिक को नौ अलग अलग मामलों में उम्र कैद की सजा सुनाई गई है साथ ही दस लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है। यासिन मलिक के गुनाहों का हिसाब अभी पूरा नहीं हुआ है। अभी तो उसे टेरर फंडिंग और देश के खिलाफ युद्ध का षडयंत्र रचने के आरोप में ये सजाएं दी गई है। हालांकि ये भी गंभीर आरोप है और इसमें भी फांसी की सजा दी जा सकती थी। यदि पाकिस्तान में ऐसा होता तो शतिया वहां फांसी की सजा मुकरर्रर की जाती। बहरहाल उसे अभी उम्र कैद की ही सजा हुई है उसपर कश्मीरी पंडितों की और वायु सेना के अफसरों की हत्या का भी आरोप है और यह मामला अभी न्यायालय के विचाराधीन है। इस मामले में उसे फांसी की सजा हो सकती है होनी भी चाहिए क्योंकि यासिन मलिक ने पाकिस्तान से पैसे लेकर कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद की आग को हवा देने का काम किया था। वह लगातार पाकिस्तान की यात्रा करता था और हाफीज सईज जैसे आतंकवादी से मिलता था। पाकिस्तान से मिलने वाली आर्थिक मदद के बल पर ही वह कश्मीर में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की योजना बनाता था। उसके गुनाहों की फेहरिस्त बहुत लंबी है। अभी तो उसे उसके किए गुनाहों की सजा मिलने की शुरूआत हुई है। यह भी पाकिस्तान को रास नहीं आ रही है। पाकिस्तान के मौजूदा प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और पूर्व प्रधानमंत्री ईमरान खान दोनों ने ही यासिन मलिक को उम्र कैद की सजा सुनाई जाने पर मातम मनाया है। उन्होने यासिन मलिक की शान में कसीदे पढ़े है और भारत सरकार पर आरोप लगाया है कि वह एक निदोष व्यक्ति को सजा दे रही है। पाकिस्तान की भाषा बोलते हुए जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ति ने भी यासिन मलिक को सजा दिए जाने का विरोध किया है। यासिन मलिक को सजा सुनाए जाने के बाद उसके समर्थकों ने कश्मीर में पत्थरबाजी कर अपना विरोध जताया है। ये सब खिसियानी बिल्लीयां है जो खंभा नोच रही है। यासिन मलिक पर जो और केस चल रहे है उसका भी जल्द से जल्द निपटारा किया जाना चाहिए और इस खुंखार आतंकवादी को फांसी की सजा दी जानी चाहिए।

विचार

समर्थ देशों की आपसी साझेदारी

अपने आठ साल पूरे कर रही मोदी सरकार की प्रमुख कूटनीतिक उपलब्धियों में एक क्वाड की मजबूती भी है। अभी-अभी टोक्यो में दूसरी बार इसके नेताओं ने आमने-सामने मुलाकात की। कुछ मायनों में एक समूह के तौर पर क्वाड का गठन पूर्व नियोजित था, क्योंकि यह उन महत्वपूर्ण रिश्तों से जुड़ा है, जो शीत युद्ध की समाप्ति के बाद विकसित हुए हैं। मगर जिस रणनीतिक दृष्टि और कूटनीतिक कौशल ने इसे संभव बनाया है, उसे इसका उचित श्रेय जरूर मिलना चाहिए। एक मंच के रूप में क्वाड और एक क्षेत्र के रूप में हिंद-प्रशांत (इंडो-पैसिफिक) बताते हैं कि यह दौर वैश्वीकरण का है। ये स्पष्ट करते हैं कि हिंद और प्रशांत महासागरों को अब अलग-अलग विभाजित नहीं किया जा सकता। ये समकालीन अवधारणाएं हैं, जो एशिया के उदय, बड़ी शक्तियों के रुख में बदलाव, उनकी बदली क्षमताएं व दृष्टिकोण, आपूर्ति श्रृंखला की प्रकृति और प्रौद्योगिकी व कनेक्टिविटी की महत्ता को दर्शाती हैं। भारतीय नजरिये से यह हिंद महासागर से परे इसके बढ़ते हितों की एक अभिव्यक्ति है। क्वाड के कुछ आलोचकों ने जान-बूझकर शीत युद्ध वाली छवि पेश करने की कोशिश की है। मगर अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत की यह साझेदारी उनकी वास्तविक क्षमताओं पर आधारित है। क्वाड के सभी सदस्य देश लोकतांत्रिक राजनीति, बाजारवादी अर्थव्यवस्था और बहुलवादी समाज को जीते हैं। इस नैसर्गिक जुड़ाव के अलावा, आपसी संबंधों के संरचनात्मक पहलुओं में समानता भी इस मंच को मजबूती प्रदान करती है। इसमें शिखर सम्मेलन स्तर के नियमित आयोजन होते हैं, और एक-दूसरे के साथ रक्षा व विदेश मंत्रियों की 'टू प्लस टू' बैठकें होती हैं। इतना ही नहीं, चारों देश आसियान के नेतृत्व वाले मंचों के भी सदस्य हैं, जिनमें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, आसियान क्षेत्रीय मंच और रक्षा मंत्रियों की बैठक उल्लेखनीय हैं। जहां तक हिंद-प्रशांत का संबंध है, क्वाड देश आसियान की केंद्रीय भूमिका को दृढ़ता से स्वीकारते हैं। वे अन्य साझीदारों के साथ कई त्रिपक्षीय समूहों का हिस्सा हैं। ये सभी एक-दूसरे को लॉजिस्टिक मदद देते हैं, जिससे समुद्री सुरक्षा के लिहाज से एक बेहतर समन्वय बनता है। 'यूएनसीएलओएस 1982' के लिए भी उनकी साझा प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है, जिसे महासागरों का संविधान कहा जाता है। क्वाड के कामकाज में वैश्वीकरण के परिणामों, वैश्विक जरूरतों और हिंद-प्रशांत में बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बावजूद साझा हितों को ध्यान में रखा गया है। मालाबार नौसैनिक अभ्यास को अक्सर इसकी प्रमुख गतिविधि बताई जाती है, लेकिन यह इस समूह के साथ अन्याय है, क्योंकि यह वैश्विक कल्याण में भी व्यापक योगदान देता है। जैसा कि टोक्यो शिखर सम्मेलन बताता है कि समूह का एजेंडा तेजी से आगे बढ़ा है। क्वाड महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में आपसी सहयोग कायम करता है। एक वैविध्यपूर्ण खुले दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करता है और सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन पर चर्चा करता है। यह पर्यावरण हितैषी नौपरिवहन गलियारे को बढ़ावा देता है, हरित हाइड्रोजन पर सहयोग का समर्थन करता है और आपदाओं से उबरने के बेहतर तरीके तैयार करने को लेकर जागरूकता पैदा करता है। टिकाऊ बुनियादी ढांचे व पारदर्शी कनेक्टिविटी पर भी इसके सामूहिक प्रयास सराहनीय हैं। महामारी को देखते हुए क्वाड के लिए वैक्सीन साझेदारी को आगे बढ़ाना स्वाभाविक है। 'स्टेम फेलोशिप' सदस्य देशों के बीच शैक्षिक जुड़ाव को दर्शाती है, तो 'डाटा सैटेलाइट पोर्टल' अंतरिक्ष संबंधी जुड़ाव को।

मासूम बच्चों के लिए काल बनते बोरवेल

योगेश कुमार गोयल

अदालती दिशा-निर्देशों में स्पष्ट है कि बोरवेल की खुदाई के बाद यदि कोई गड्ढ़ा है तो उसे कंक्रीट से भर दिया जाए लेकिन ऐसा न किया जाना हादसों का सबब बनता है। ऐसे हादसों में न केवल निर्बोध मासूमों की जान जाती है बल्कि रेस्क्यू ऑपरेशनों पर अथाह धन, समय और श्रम भी नष्ट होता है। प्रायः होता यही है कि तेजी से गिरते भू-जल स्तर के कारण नलकूपों को चालू रखने के लिए कई बार उन्हें एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित करना पड़ता है और पानी कम होने पर जिस जगह से नलकूप हटाया जाता है, वहां लापरवाही के चलते बोरवेल खुला छोड़ दिया जाता है। कहीं बोरिंग के लिए खोदे गए गड्ढ़ों या सूख चुके कुओं को बोरी, पॉलीथीन या लकड़ी के फट्टों से ढ़ांप दिया जाता है तो कहीं इन्हें पूरी तरह से खुला छोड़ दिया जाता है और अनजाने में ही कोई ऐसी अप्रिय घटना घट जाती है, जो किसी परिवार को जिंदगी भर का असहनीय दर्द दे जाती है।

पंजाब के होशियारपुर जिले के गढ़दीवाला के समीप बहरामपुर में 22 मई को हुए दर्दनाक हादसे में कुत्ते से बचकर भाग रहा छह वर्षीय एक बच्चा ऋतिक 300 फीट गहरे बोरवेल में गिरकर मौत की नींद सो गया। हालांकि सेना और एनडीआरएफकी टीम ने आठ घंटे तक चले बचाव अभियान के बाद उसे बोरवेल से बाहर तो निकाल लिया लेकिन अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि अस्पताल लाने से घंटे भर पहले ही बच्चे की मौत हो चुकी थी। यह दर्दनाक घटना उस समय हुई, जब बच्चा खेत में खेल रहा था और उसी दौरान एक आवारा कुत्ता उसके पीछे पड़ गया। बच्चा कुत्ते से बचने के लिए भागते हुए बोरवेल शाफ्ट पर चढ़ गया, जिसे जूट के बोरे से ढ़का हुआ था। इस प्रकार बच्चा 300 फुट गहरे बोरवेल में गिरकर करीब 95 फुट नीचे जाकर फंस गया और खुले पड़े बोरवेल के कारण मौत के मुंह में समा गया। पिछले कुछ ही वर्षों में बोरवेल के ऐसे अनेक दर्दनाक हादसे हो चुके हैं, जिनमें इन बोरवेलों ने मासूम बच्चों को जिंदा निगल लिया। हालांकि विड़म्बना यह है कि ऐसे हादसों पर पूर्णविराम लगाने के लिए कहीं कोई कारगर प्रयास होते नहीं दिखते।

हर साल बोरवेल में बच्चों के गिरने के अब कई मामले सामने आते हैं, जिनमें से अधिकांश की बोरवेल के भीतर ही दम घुटकर दर्दनाक मौत हो जाती है। बोरवेल हादसे पिछले कुछ वर्षो से जागरूकता के प्रयासों के बावजूद निरन्तर सामने आ रहे हैं किन्तु इनसे सबक सीखने को कोई तैयार नहीं दिखता। ऐसे मामलों में अक्सर सेना-एनडीआरएफ की बड़ी विफलताओं को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं कि अंतरिक्ष तक में अपनी धाक जमाने में सफल हो रहे भारत के पास चीन तथा कुछ अन्य देशों जैसी वो स्वचालित तकनीकें क्यों नहीं हैं, जिनका इस्तेमाल कर ऐसे मामलों में बच्चों को अपेक्षाकृत काफी जल्दी बोरवेल से बाहर निकालने में मदद मिल सके। सवाल यह भी हैं कि आखिर बार-बार होते ऐसे दर्दनाक हादसों के बावजूद देश में बोरवेल और ट्यूबवैल के गड्ढे कब तक इसी प्रकार खुले छोड़े जाते रहेंगे और कब तब मासूम जानें इनमें फंसकर इसी तरह दम तोड़ती रहेंगी। आखिर कब तक मासूमों की जिंदगी से ऐसा खिलवाड़ होता रहेगा? कोई भी बड़ा हादसा होने के बाद प्रशासन द्वारा बोरवेल खुला छोड़ने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर

सख्ती की बातें तो दोहरायी जाती हैं लेकिन बार-बार सामने आते ऐसे हादसे यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि सख्ती की ये सब बातें कोई घटना सामने आने पर लोगों के उपजे आक्रोश के शांत होने तक ही बरकरार रहती हैं। ऐसे हादसों के लिए बोरवेल खुला छोड़ने वाले खेत मालिक के साथ-साथ ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन भी बराबर के दोषी होते हैं।

अब तक अनेक मासूम जिंदगियां बोरवेल में समाकर जिंदगी की जंग हार चुकी हैं किन्तु विड़म्बना है कि सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देशों के बावजूद कभी ऐसे प्रयास नहीं किए गए, जिससे ऐसे मामलों पर अंकुश लग सके। मध्य प्रदेश के देवास जिले में खातेगांव कस्बे के उमरिया गांव में एक व्यक्ति को अपने खेत में सूखा बोरवेल खुला छोड़ देने के अपराध में जिला सत्र न्यायालय ने करीब दो साल पहले दो वर्ष सश्रम कारावास तथा 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि लोग बोरवेल कराकर उन्हें इस प्रकार खुला छोड़ देते हैं, जिससे उनमें बच्चों के गिरने की घटनाएं हो जाती हैं और समाज में बढ़ रही लापरवाही के ऐसे मामलों में सजा देने से ही लोगों को सबक मिल सकेगा। अगर मध्य प्रदेश में जिला अदालत के उसी फैसले की तरह ऐसे सभी मामलों में त्वरित न्याय प्रक्रिया के जरिये दोषियों को कड़ी सजा मिले, तभी लोग खुले बोरवेल बंद करने को लेकर सक्रिय होंगे अन्यथा बोरवेल इसी प्रकार मासूमों की जिंदगी छीनते रहेंगे और हम मासूम मौतों पर घड़ियाली आंसू बहाने तक ही अपनी भूमिका का निर्वहन करते रहेंगे।

विड़म्बना है कि देश में प्रतिवर्ष औसतन 50 बच्चे बेकार पड़े खुले बोरवेलों में गिर जाते हैं, जिनमें से बहुत से बच्चे इन्हीं बोरवेलों में जिंदगी की अंतिम सांसें लेते हैं। ऐसे हादसे हर बार किसी परिवार को जीवन भर का असहनीय दुख देने के साथ-साथ समाज को भी बुरी तरह झकझोर जाते हैं। बोरवेलों में बच्चों के गिरने की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने 2010 में ऐसे हादसों पर संज्ञान लेते हुए कुछ दिशा-निर्देश जारी किए थे। 2013 में कई दिशा-निर्देशों में सुधार करते हुए नए दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, जिनके अनुसार गांवों में बोरवेल की खुदाई सरपंच तथा कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में करानी अनिवार्य है जबकि शहरों में यह कार्य ग्राउंड वाटर डिपार्टमेंट, स्वास्थ्य विभाग तथा नगर निगम इंजीनियर की देखरेख में होना जरूरी है। अदालत के निर्देशानुसार बोरवेल खुदवाने के कम से कम 15 दिन पहले डी.एम., ग्राउंड वाटर डिपार्टमेंट, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम को सूचना देना अनिवार्य है। बोरवेल की खुदाई से पहले उस जगह पर चेतावनी बोर्ड लगाया जाना और उसके खतरे के बारे में लोगों को सचेत किया जाना आवश्यक है। इसके अलावा ऐसी जगह को कंटीले तारों से घेरने और उसके आसपास कंक्रीट की दीवार खड़ी करने के साथ गड्ढ़ों के मुंह को लोहे के ढ़क्कन से ढ़कना भी अनिवार्य है लेकिन इन दिशा-निर्देशों का कहीं पालन होता नहीं दिखता।

अदालती दिशा-निर्देशों में स्पष्ट है कि बोरवेल की खुदाई के बाद यदि कोई गड्ढ़ा है तो उसे कंक्रीट से भर दिया जाए लेकिन ऐसा न किया जाना हादसों का सबब बनता है। ऐसे हादसों में न केवल निर्बोध मासूमों की जान जाती है बल्कि रेस्क्यू ऑपरेशनों पर अथाह धन, समय और श्रम भी नष्ट होता है। प्रायः होता यही है कि तेजी से गिरते भू-जल स्तर के कारण नलकूपों को चालू रखने के लिए कई बार उन्हें एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित करना पड़ता है और पानी कम होने पर जिस जगह से नलकूप हटाया जाता है, वहां लापरवाही के चलते बोरवेल खुला छोड़ दिया जाता है। कहीं बोरिंग के लिए खोदे गए गड्ढ़ों या सूख चुके कुओं को बोरी, पॉलीथीन या लकड़ी के फट्टों से ढ़ांप दिया जाता है तो कहीं इन्हें पूरी तरह से खुला छोड़ दिया जाता है और अनजाने में ही कोई ऐसी अप्रिय घटना घट जाती है, जो किसी परिवार को जिंदगी भर का असहनीय दर्द दे जाती है। बहरहाल, न केवल सरकार बल्कि समाज को भी ऐसी लापरवाहियों को लेकर चेतना होगा ताकि भविष्य में फिर ऐसे दर्दनाक हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

भयावह होती आर्थिक असमानता और सरकार

प्रेम शर्मा

दिसंबर में जारी वर्ल्ड इनइक्वलिटी रिपोर्ट 2022 को देखें तो हालात कहीं ज्यादा गंभीर नजर आते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में देश में कुल आमदनी का 22 फीसदी हिस्सा टॉप एक फीसदी आबादी के खाते में था। टॉप 10 फीसदी आबादी कुल आमदनी के 57 फीसदी हिस्से पर काबिज थी। नीचे की 50 फीसदी आबादी को राष्ट्रीय आय के महज 13 फीसदी हिस्से पर संतोष करना पड़ रहा था। आश्चर्य नहीं कि इस वर्ल्ड इनइक्वलिटी रिपोर्ट में भारत को दौलतमंद इलीट वाला गरीब और बेहद असमान देश बताया गया था। बहरहाल, ब्योरे में जो भी फर्क हो, निष्कर्ष में कोई अंतर नहीं है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने भी स्थिति को गंभीर मानते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

कोरोना काल के बाद विश्व का शायद ही ऐसा कोई देश हो जो अपने देश की अर्थ व्यवस्था को लेकर खुश हो। पड़ोसी देश श्रीलंका, पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति लगभग कंगाली के दौर में है। पिछले कुछ सालों से भारत का पढ़ा लिख वर्ग अपने भविष्य करे लेकर कुछ ज्यादा ही विचलित दिखाई पड़ रहा है। इस बॉत को भले ही नजर अन्दाज किया जाए लेकिन यह बॉत सौ फीसदी सच है कि सरकार के प्रति युवा वर्ग का नजरिया अविश्वसनीय हो रहा है। अच्छी खासी शिक्षा हासिल करने के बाद दस से 15 हजार की नौकरी तलाशते युवाओं का हुजुम एक भयाावह संकट आने के संकेत दे रहा है। भारत पर भी आर्थिक विषमता दिन प्रतिदिन इतनी तेजी से बढ़ रही है कि इसे रोकने के लिए प्रधानमंत्री के आर्थिक ने शहरी रोजगार गारन्टी योजना लागू कराने पर जोर दिया है। भारत सरकार हर मिशन पर कुछ न कुछ कदम उठा रही हैं लेकिन देश में बेरोजगारी और आर्थिक असमानता को दूर करने के बारे में उसकी सोच अभी भी पुरानी सरकारों के ढ़रे पर है। राजस्थान की सरकार ने केन्द्र सरकार से पूर्व ही शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत मनरेगा की तर्ज पर 100 दिन का रोजगार देने के लिए 800 करोड़ का प्राविधान किया है। केन्द्र और राज्य सरकार का आर्थिक विषमता को लेकर लगभग एक जैसा रवैया है। भारत के नीति आयोग ने देश में पहला बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2021 में देश के जिन पॉच राज्यों को टॉप गरीबी में चुना गया था उनमें से चार राज्यों में भाजपा सत्तासीन है। गरीबी और अमीरी के बीच बढ़ती खाई आज भारत के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। आक्सफैम इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'इनक्वालिटी किल्स' के मुताबिक कोविड-19 के बाद जहां दुनिया की एक बड़ी आबादी अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए भी जद्दोजहद कर रही है, वहीं दूसरी तरफदुनिया के दस सबसे अमीर लोगों की संपत्ति बीते दो वर्षों में दोगुनी हो चुकी है।यानी करीब बावन लाख करोड़ रुपए से बढ़ कर एक सौ ग्यारह लाख करोड़ को पार कर चुकी है। इसका मतलब है कि हर दिन उनकी संपत्ति में लगभग 9656 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। इस रिपोर्ट का

दूसरा पहलू बड़ा चिंताजनक है, जो बताता है कि इन्हीं दो वर्षों में दुनिया की निन्यानबे फीसद आबादी की आमदनी में कमी दर्ज की गई है। कोविड महामारी के चलते दुनिया में करीब सोलह करोड़ लोग गरीबी की मार झेलने को मजबूर हुए हैं। आक्सफैम इंटरनेशनल की कार्यकारी निदेशक गैब्रिएला बुचर ने कहा था कि अगर ये दस लोग कल अपनी संपत्ति का निन्यानबे फीसद हिस्सा खो भी देते हैं, तो वे धरती के निन्यानबे फीसद लोगों से ज्यादा अमीर होंगे।

आर्थिक असामानता को लेकर भारत के मामले में आंकड़े कहते हैं कि 2021 में देश के चौरासी फीसद परिवारों की आय घटी है, लेकिन भारतीय अरबपतियों की संख्या 102 से बढ़ कर 142 हो चुकी है। कोविड महामारी के दौरान भारतीय अरबपतियों की संपदा 23.14 लाख करोड़ रुपए से बढ़ कर 53.16 लाख करोड़ रुपए हो गई है। वैश्विक स्तर पर देखें तो चीन और अमेरिका के बाद भारत में अरबपतियों की तीसरी सबसे बड़ी संख्या है। वहीं एक ओर संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में पैदा होने वाली नई गरीबी में लगभग आधी भारत में सृजित हो रही है। यह सच है कि आर्थिक विषमता जीवन के हर पहलू पर प्रभाव डालती है। एक बड़े वर्ग के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, सुरक्षा जैसी मूलभूत जरूरतें पूरी कर पाना असंभव होता है तो एक छोटे समूह के पास साधन-संसाधन विलासिता की तरह रहते हैं। नतीजतन, शोषित और गरीब जन में क्षोभ पनपता और ऐसी गतिविधियां बढ़ती हैं, जिन्हें मोटे तौर पर अपराध में वर्गीकृत किया गया है।आर्थिक तौर पर यह गैर-बराबरी सबसे गरीब लोगों, महिलाओं और लड़कियों को अधिक प्रभावित करती है। गरीबी के चलते उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और अन्य मूलभूत साधनों से पहुंच दूर होती है। 2021 के नवंबर माह में भारत के नीति आयोग ने देश में पहला बहुआयामी गरीबी सूचकांक जारी किया था। इसके अनुसार गरीबी स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर के अनेक पहलुओं से जुड़ी होती है। इस रिपोर्ट के अनुसार 37.6 प्रतिशत भारतीय परिवार पर्याप्त पोषणयुक्त भोजन नहीं कर पाते और करीब चौदह प्रतिशत परिवार ऐसे हैं, जहां दस या इससे अधिक उम्र के बच्चे स्कूलों में छह वर्ष तक पढ़ाई नहीं कर पाते हैं।

वाकई इस आर्थिक असामानता के बीच प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में आया यह सुझाव महत्वपूर्ण है कि देश में आय की जबर्दस्त विषमता को कम करने के लिए यूनिवर्सल बेसिक इनकम और शहरी रोजगार गांरटी योजनाएं शुरू की जाएं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

किसी औरत ने कहा

किसी औरत ने कहा मुझे नही बनना सीता मेरा जबाव - :तुम सीता माता बन भी नही सकती हो क्योंकि सीता ने महल नही पति के सुख की खातिर वनवास चुना था अगली ने कहा सीता को धरती मे समाना पड़ा था मेरा जबाव- :सीता मां धरती पुत्री थी मां की कोख से बड़ा सुख और सुकून कहां ? हमारे भाई बहन ही भारतीय संस्कृति का अपमान कर रहे हैं खेद है।

- सुनिता पुष्पराज पांडेय

भीगा सा मन

भीगा सा मन आंगन है बरसा देखो सावन है जोर जोर से दिल धड़का लगता आया साजन है यादों में भीगी पलकें उनमें खोया सा मन है तेरा प्यार बना मेरा पावन सा वृंदावन है कोई अपना है आया बतलाता मन दर्पण है भाग दौड़ में जीवन की लुप्त हुआ अपनापन है कहे सहर नारी मन में बहती गंगा पावन है।

- डॉ बबिता गर्ग

ख़ास पाती

बैठे नयनों घुटनो के बल रहे

बैठे नयनों घुटनो के बल रहे फ़ीचते मन के मैल गिर गिर कितने सारे जलकण अंतिम पथ के धोते शैल उखड़ बिखर संगी बन चलती फिर फिर गति स्वासों की मिटा रही अविराम भित्ति से स्मृति अंधेरी रातों की मेहनतकश हाथों लिख जाता अंतहीन पीड़ाएँ कौन विचर रहा नस नस अति विह्वल क्रंदन करता विचलित मौन दुःख सुख राग द्वेष के झूले भटका जग विराट इक मेला नचा रहा डुगडुग कर जीवन नटवर कोई खेले खेला छुप भीतर धड़के वह अपना बाहर सब मतलब के साथ और कोई अब बात करो प्रिय विस्मृत हो बीती हर घात।

- प्रियंवदा अवस्थी

पैसे वालों की दुनिया है गरीब

पैसे वालों की दुनिया है गरीब की जिन्दगी कितनी तकलीफ्देह होती है, हर जगह समझौता, इंसान है वो भी, पर जीवन जीते हैं कितनी लाचारी से ..47 डिग्री तापमान में भी लू के थपेड़ों से जूझते........ उफ़... इतनी असमानता हमारे देश में क्यों... किसी का पालतू कुत्ता के भोजन का खर्च 5000 रूपये प्रतिमाह... तो किसी गरीब के पुरे परिवार का गुजारा इतने में हो जाता है... इन आँखों ने इस सप्ताह में क्या क्या नहीं देखा, सबके बारे में विस्तार से लिख पाना संभव नहीं है... पर मन आज बहुत उदास है।

- सुनिल शुक्ला

इक दरख्त-सा होकर रह गया

इक दरख़्त-सा होकर रह गया हूँ, ज्यादा कुछ भी नहीं खुद मान लिया संगकशी मुकद्दर है, और कुछ भी नहीं आ तू भी मार चार पत्थर मुझे, फैसला क़ुबूल है मुझको देने वाले का सिला हैं पत्थर, मालूम है हश्र कुछ भी नहीं।

- केदार नाथ शब्द मसीहा

लगता है लग जाये ताला बाबू

लगता है लग जाये ताला बाबू जी, बंद करो सारा घोटाला बाबू जी। कल उसको छिप के देखा था कौने में , खाता है वो पान मसाला बाबू जी। पी कर दारू दरबाजा जब खटकाया, उसके बापू ने धो डाला बाबू जी । हाथा पाई रोज करे वो गलियों में , होना था उसका मुँह काला बाबू जी। अब तो इज्ज़त बची नहीं इक़ ढ़ेले की, लाज़ शर्म सब कुछ धो डाला बाबू जी । इतनी भी खामोशी 'संजय' ठीक नहीं, बदल लिया है उसने पाला बाबू जी ।

- संजय कुमार गिरि

मैंने हौले हौले से बहुत जतन से

टाँका है तुम्हे अपने मन के अंबर में बेशकीमती धागे से बेहद डरती हूँ कभी इस बेशकीमती से धागे का एक छोर भी जो खुला, तो तार तार हो जाएंगी मेरे बदन की सिलाई।

- मीता खुराना

हम सब उन आपदाओं के प्रबन्धन

हम सब उन आपदाओं के प्रबन्धन मे लीन है जिनकी संभावना का प्रतिशत नगण्य है। और जीवन की उन छोटी छोटी खुशियों को प्रतीक्षारत रखे है जिनका कुल मूल्य एक बारिश एक छाता और किसी का साथ है।

- कुलदीप वर्मा

किनारे पर भी कश्ती को बवंडर घेर

किनारे पर भी कश्ती को बवंडर घेर लेता है । समझते हैं ?वहीं जिनको ये मंज़र घेर लेता है । मुझे जब भी, ये लगता है कि मैं अब जीत जाऊंगा, नतीजे मेरी मेहनत के मुकद्दर घेर लेता है ।

- कवि अंकित चहल विशेष

QUIZ TIME

1) वित्तीय कार्रवाई कार्य बल के नए अध्यक्ष के रूप में किसे चुना गया?
2) सीपरी रिपोर्ट के अनुसार, 2017-21 के दौरान कौन-सा देश हथियारों का सबसे बड़ा निर्यातक था?
3) आईसीआरए की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में भारत के लिए अनुमानित जीडीपी विकास दर क्या है?
4) किस टीम ने दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ अंडर-18 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप का तीसरा संस्करण जीता?
5) किस देश ने बिम्सटेक शिखर सम्मेलन 2022 की मेजबानी की?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) टी. राजा कुमार (2) संयुक्त राज्य अमेरिका (3) 7.2 प्रतिशत (4) भारत 5) श्रीलंका

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1805 -नेपोलियन बोनापार्ट इटली के सम्राट बने। 1894 -ख्यातिप्राप्त आलोचक तथा निबन्धकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का जन्म। 1895 -ब्रिटिश आविष्कारक बीर्ट अक्रेस ने फ़िल्म प्रोजेक्टर का पेटेण्ट प्राप्त किया था। 1896 -ज़ार निकोलस द्वितीय रूस के अंतिम सम्राट बने। 1930 -रिचर्ड ड्रू ने पारदर्शी सिलोफ़न टेप (सैलो टेप) नामक चिपकने वाले टेप का पेटेण्ट प्राप्त किया था। 1937 -अमरीका के सान फ़्रांसिस्को में गोल्डन गेट नामक दुनिया के एक सबसे ख़ूबसूरत पुल का उद्घाटन किया गया। 1951 -बम्बई (अब मुंबई) में तारापुरवाला एक्वेरियम का उद्घाटन हुआ। 1957 -कॉपीराइट बिल पारित हुआ। 1962 -भारतीय क्रिकेट टीम के हरफ़नमौला खिलाड़ी रवि शास्त्री का जन्म। 1964 -आधुनिक भारत के निर्माता एवं भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का निधन। 1981 -सोवियत संघ ने पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया। 1994 -नोबेल साहित्य पुरस्कार विजेता रूसी लेखक एलेक्ज़ेंडर सोल्केनित्सिन पश्चिम में 20 वर्ष का निर्वासन समाप्त कर स्वदेश लौटे। 2005 -दक्षिण अफ़्रीका की राजधानी प्रिटोरिया का नाम बदलकर श्वाने करने का निर्णय लिया गया। 2006 -इंडोनेशिया के जावा द्वीप में आये 6.3 तीव्रता वाले भूकंप से छह हजार से अधिक लोगों की मौत। 2010 -ओडिशा के चांदीपुर में परमाणु तकनीक से लैस धनुष और पृथ्वी 2 मिसाइल का सफल परीक्षण किया। 2013- इराक में बम धमाके में 75 की मौत और 200 अन्य घायल।

4 लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने विकासखण्ड पथरिया के ग्राम पुछेली के ग्रामीण केजाराम ध्रुव के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस दुरपति के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। उन्होंने इस राशि की स्वीकृति आरबीसी 6-4 के तहत की है।

इस बार घरों में नहीं घुसेगा बारिश का पानी, सफाई शुरू

बिलासपुर। इस बार बारिश पानी घरों में नहीं घुसेगा। यह पानी नाले-नालियों के जरिए शहर से बाहर निकल जाएगा। इसके लिए नगर निगम सीमा के 75 प्रतिशत नाले-नालियों की सफाई की जा चुकी है। शेष नालियों की सफाई की जा रही है। यह काम मानसून आने से पहले हो जाएगा। महापौर रामशरण यादव और आयुक्त अजय त्रिपाठी के निर्देश पर नाले-नालियों की सफाई के लिए अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र में छोटे-बड़े 106 नाले-नालियां हैं। इन्हें बारहों महीने साफ किया जा रहा है। इस काम में नगर निगम का सफाई अमला लगा हुआ है। अब तक करीब 75 प्रतिशत नाले-नालियों की सफाई हो गई है। शुरुआत में इन नाले-नालियों से कई ट्रक मलबा निकल रहा था। पहले नगर निगम बारिश आने से कुछ दिन पहले ही नाले-नालियों की सफाई कराता था। आधी-अधूरी सफाई होने के कारण नाले-नालियों में मलबा भरा रह जाता था। इसके चलते बारिश का पानी नाले-नालियों के ऊपर से बहते हुए सड़क पर आ जाता था और घरों में घुस जाता था। इससे नागरिकों को भारी परेशानी होती थी। नागरिकों की इस समस्या को महापौर यादव ने गंभीरता से लिया है।

ग्रामीणों के साथ बैठकर कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, निराकृत करने के दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में आम लोगों की मांगों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विभिन्न ग्रामों में जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने विकासखण्ड पथरिया के ग्राम खपरी में प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केन्द्र के मध्य प्रांगण और ग्राम कंचनपुर में नीम के पेड़ के नीचे बैठकर चौपाल लगाई। चौपाल में कलेक्टर डॉ. सिंह ने आमलोगों की तरह ग्रामीणों के साथ बैठकर विकास और निर्माण कार्यों के साथ-साथ नागरिक केन्द्रित सेवाओं यथा पेयजल, बिजली, सड़क, राशन, पेंशन, राजस्व प्रकरण, पटवारी एवं पंचायत सचिव की मुख्यालय में उपस्थिति, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, मनरेगा की मजदूरी भुगतान, बी-वन का वाचन आदि की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण तथा पात्रता रखने वाले लोगों को लाभांवित करने के लिए पटवारी,

सचिव और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को प्रत्येक बुधवार को ग्राम खपरी स्थित सामुदायिक भवन में बैठने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम खपरी के निःशक्त कु. पल्लवी यादव का निःशक्तता प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। ताकि निःशक्तता के आधार पर दी जा रही सभी सुविधाएं पल्लवी यादव को भी प्राप्त हो सके। इसी तरह उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं अन्य कार्यों और ग्राम कंचनपुर में आमलोगों की सुविधा हेतु ग्रामीणों की मांग पर तालाब में पचरी निर्माण करने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि ग्रामसभा की बैठक में छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है तथा बैठक में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर ग्राम के विकास के संबंध में चर्चा करें और महत्वपूर्ण निर्णय लेकर ग्राम के विकास में भागीदार बने। इस अवसर पर उन्होंने पेंशन, राशन, पेयजल, बिजली सहित अन्य समस्याओं को सुनने के लिए टोल फ्री नंबर जारी करने की बात कही।

पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को दी समझाइश

एसपी चन्द्रमोहन सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा शराब, जुआ-सट्टा सहित अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों को आर्थिक उत्थान के लिए शराब, जुआ-सट्टा सहित अन्य अवैध गतिविधियों से दूर रहने की भी समझाईश दी। तत्पश्चात् कलेक्टर डॉ. सिंह ने ग्राम कंचनुपर में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया और राशन विक्रेता से राशन सामग्री की उपलब्धता, वितरण, राशनकार्डधारकों की संख्या आदि की जानकारी प्राप्त की। इसी तरह उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए बच्चों को नियमित रूप से पोषण आहार प्रदान करने निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल का भी निरीक्षण किया और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए।

नवजात शिशु का मिला भ्रूण जांच में जुटी कोतवाली पुलिस

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला अस्पताल मार्ग पर आगर नदी के एनीकट में बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने एक नवजात शिशु का शव देखा। मोहल्लेवासियों ने इसकी सूचना सिटी कोतवाली में दी। मौके पर पहुंच पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। बड़ा बाजार से जिला अस्पताल जाने वाले मार्ग पर स्थित एनीकट में आज सुबह मोहल्ले वालों ने पानी में तैरते शिशु के भ्रूण को देखा। लोगों का मानना है कि लोक लाज के चलते किसी ने शिशु के भ्रूण को नष्ट करने के इरादे से इसे नदी में फेंका होगा। माना जा रहा है कि भ्रूण 5 से 6 महीने का हो सकता है। जिसे गर्भपात कराने के बाद इस तरह से फेंक दिया गया है। कई बार अस्पताल के लापरवाह कर्मचारी भी गर्भपात के बाद इस तरह से भ्रूण को इधर-उधर फेंक देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में जो भी महिला गर्भवती होती है उसकी जानकारी क्षेत्र की आंगनबाड़ी सहायिकाओं को होता ही है। यदि कोई बाहर से आकर यहां गर्भपात कराता है तो उससे भी पहचान पत्र लेने के बाद ही ऐसा किया जाता होगा। ऐसे में दोषियों की पहचान अधिक कठिन नहीं होनी चाहिए। यह भी संभव है कि कहीं और गर्भपात के बाद भ्रूण को यहां फेंक दिया गया हो। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने फि लहाल नवजात को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

कलेक्टर ने समर कैम्प का लिया जायजा, प्रशिक्षकों को दिया मार्गदर्शन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल दाऊपारा में 15 जून तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल पहुंचकर आज से प्रारंभ समर कैम्प का जायजा लिया और उन्होंने समर कैम्प में शामिल होने वाले विद्यार्थियों और प्रशिक्षकों को अपना मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि समर कैंप से बच्चों का प्रतिभा निखर कर सामने आएगी। समर कैम्प में प्रशिक्षणार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्हें सीखने का पूरा अवसर मिले। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के लिए साउण्ड सिस्टम और जनरेटर की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने समर कैम्प में विद्यार्थियों को स्पोकन इंग्लिश, ड्राइंग-पेंटिंग, ताइक्वांडों, पाककला, फ नी क्राफ्ट मेकिंग, क्ले पाटरी मेकिंग, वेस्टर्न डांस, योगा एवं बॉस्केटबाल, बैडमिंटन के अलावा हारमोनियम, गिटार वादन आदि का भी प्रशिक्षण देने की बात कही।

जर्मनी में जौहर दिखाएंगे एसइसीआर बिलासपुर के खिलाड़ी दिनेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के बिलासपुर रेल मंडल में जूनियर टीएनसी के पद पर पदस्थ दिनेश ने जोन का मान बढ़ाया है। वे जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड रेलवे क्रांस कंट्री चैंपियनशिप में जौहर दिखाएंगे। चयन सूची में नाम शामिल होने के बाद दिनेश ने महाप्रबंधक से मुलाकात की। उन्होंने पीठ थपथपाते हुए बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई।

वर्ल्ड रेलवे क्रास कंट्री चैंपियनशिप 13 से 16 जुलाई तक जर्मनी के दल बर्लिन में आयोजित है। इस प्रतियोगिता को लेकर रेलवे में काफी दिनों से तैयारी चल रही थी। इसके तहत पहले जोन स्तर पर फिर भारतीय रेलवे स्तर की प्रतियोगिता में शामिल हुए। तब जाकर भारतीय रेलवे क्रास कंट्री टीम जारी किया गया। इस टीम में पांच पुरुष व तीन महिला शामिल है। जिनमें एक नाम बिलासपुर रेल मंडल में कार्यरत दिनेश

का है। चयन के बाद से ही दिनेश ने अभ्यास तेज कर दी है। उन्होंने महाप्रबंधक समेत खेल संघ के पदाधिकारियों को भरोसा जताया है कि वह बेहतर प्रदर्शन कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन नहीं, बल्कि भारतीय रेलवे का नाम भी रोशन करेंगे।

400 मीटर दौड़ में आयुश रहें अव्वल

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत एक और खिलाड़ी आयुष दाबास ने शानदार प्रदर्शन किया है। 22 से 24 मई को भुवनेश्वर में आयोजित सीनियर नेशनल इंडियन ब्रांड प्री - चैंपियनशिप के 400 मीटर दौड़ वर्ग में उन्होंने प्रतिस्पर्धियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उनका चयन भारतीय एथलेटिक्स दल की टीम में हुआ है। वर्तमान में कामनवेल्थ गेम्स की तैयारी के लिए केरल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आयुष बिलासपुर में सीसीटीसी के पद पर पदस्थ है। चयन के बाद उन्होंने भी महाप्रबंधक और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के पदाधिकारियों से भेंट की। सभी ने उनका उत्साहवर्धन किया। इसके बाद वे प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए थे। प्रशिक्षण अभी कुछ दिनों तक चलेगा।

मैंने अपना पिता खोया छत्तीसगढ़ प्रदेश ने एक जननायक : उमेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि 25 मई का दिन मैं कभी नहीं भूल सकता। आज के दिन मैंने अपना पिता खोया है। परंतु प्रदेश ने एक जन नायक नेता को खोया था। अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में शहीद नंद कुमार पटेल लोक प्रशासन एवं अपराध अध्ययन शोधपीठ के द्वारा द्वितीय स्मृति व्याख्यान का आयोजन कार्यपालिका, न्यायपालिका के मध्य अंर्तसंबंध विषय पर विश्वविद्यालय के सभागार पर सम्पन्न् हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अभासी रूप में शामिल हुए मंत्री उमेश पटेल ने आगे कहा कि आज का दिन मेरे जीवन का काला अध्याय है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व आईएएस बीकेएस. रे जी ने अपने संबोधन में कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को

प्रजातंत्र के सफलता के लिए आवश्यक माना।

उन्होंने कहा कि निरंकुश सत्ता भ्रष्टाचार को जन्म देती है इसलिए ये तीनों शक्तियां अलग-अलग रूप से कार्य करते हुए भी लोकतंत्र के मुख्य आधार स्तंभ है। शहीद नंद कुमार शोधपीठ के निर्देशक व शहर के समाज सेवी डा. विवेक वाजपेयी ने शहीद नंद कुमार पटेल के साथ मत्वपूर्ण बीते पलों को याद किया तथा झीरम घाटी की घटना को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने कहा कि 25 मई 2013 को जो घटनायें घंटी वह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण था।

आत्मानंद स्कूल में प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन 2 जून तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के दयालबंद स्थित हिन्दी माध्यम की स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रतिनियुक्ति के जरिए शिक्षक एवं कर्मचारी की भर्ती की जाएगी। बिलासपुर जिले में संचालित शासकीय स्कूलों के नियमित शिक्षक एवं कर्मचारी इसके लिए पात्र होंगे। प्रतिनियुक्ति के इच्छुक शिक्षकों एवं कर्मचारियों से निर्धारित प्रारूप में 02 जून तक आवेदन यहां जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आमंत्रित किये गये है।

जिला शिक्षा अधिकारी डीके कौशिक ने बताया कि राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दयालबंद स्थित शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला को स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल के रूप में संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें विभिन्न विषयों के 22 व्याख्याता एवं शिक्षकों की भर्ती साक्षात्कार के माध्यम से की जाएगी। पात्र आवेदकों के साक्षात्कार की तिथि 08 जून को संभावित है। उन्होंने बताया कि रिक्त पदों में व्याख्याता के गणित, जीव विज्ञान, वाणिज्य, इतिहास, राजनीतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल के 1-1 पद, व्याख्याता भौतिक, हिन्दी एवं कम्प्यूटर के 2-2 पद और व्याख्याता अंग्रेजी के 3 पदों पर आवेदन आमंत्रित किये गये है। इसी प्रकार हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, ग्रंथपाल, कम्प्यूटर शिक्षक एवं चौकीदार के 1-1 पद प्रतिनियुक्ति पर लिये जायेंगे। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं चयन प्रकिया के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जिले की सरकारी वेबसाईट बिलासपुर डॉट जीओवी डॉट इन पर अवलोकन की जा सकती है।

शालिनी व सीमा राष्ट्रीय डाट्र्स चैम्पियनशिप में होंगी शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के विकासखण्ड लोरमी के ग्राम लालपुर की शालिनी ध्रुव और सीमा निर्मलकर पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 24 जून से 26 जून आयोजित 20वां राष्ट्रीय डाट्र्स चैम्पियनशिप 2022 शामिल होंगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज इन दोनों बालिकाओं को स्वामी विवेकानंद प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 11 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। कलेक्टर ने इन दोनों बालिकाओं को 20वीं राष्ट्रीय डाट्र्स चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

वित्तीय गड़बड़ी के आरोप में दो पंचायत सचिव निलंबित

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पेण्डरवा (उ) में अलग-अलग समय पर कार्यरत दो ग्राम पंचायत सचिव-नंदकुमार साहू एवं जागेन्द्र सिंह ठाकुर को निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ हरिश एस. ने शिकायत की जांच के बाद सत्यता प्रारंभिक रूप से प्रमाणित होने पर निलंबन की कार्रवाई की है। उन दोनों पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सम्मिलित रूप से 31 लाख 82 हजार से ज्यादा राशि की वित्तीय गड़बड़ी के आरोप लगाये गये हैं। इनमें 25 लाख 79 हजार 274 रुपए की गड़बड़ी सचिव जागेन्द्र सिंह ठाकुर के कार्यकाल में और 6 लाख 2 हजार 940 रूपये की गड़बड़ी सचिव नंदकुमार साहू के कार्यकाल में होना पाया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा संचालित काम जैसे नल-जल योजना, सीसीरोड निर्माण, नलकूप खनन, चौदहवें वित्त आयोग में भारी अनियमिता एवं नियमानुसार पंजी संधारण नहीं होना जांच में पाया गया है। नंदकुमार साहू वर्तमान में ग्राम पंचायत सेमरा एवं जागेन्द्र सिंह ठाकुर वर्तमान में कछार में सचिव का काम कर रहे हैं। निलंबन के बाद दोनों को जनपद पंचायत कार्यालय बिल्हा में संलग्न किया गया है। पंचायत का काम सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्राम पंचायत सेमरा का अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत भरारी के सचिव कमल किशोर कश्यप को और ग्राम पंचायत कछार का अतिरिक्त प्रभार मदनपुर के सचिव संतोष कुमार तिवारी को सौंपा गया है।

सर्वर डाउन, 23 हजार से अधिक किसानों का अब तक ईकेवाईसी अपडेट नहीं हुआ

मुंगेली/नवप्रदेश। पीएम किसान सम्मान निधि के लिए जिले में सर्वर डाउन रहने के चलते 23 हजार 396 किसानों का केवाईसी अपडेट नहीं हो पाया है। 72 प्रतिशत किसानों ने ही ई-केवाईसी अपडेट करा लिया है। 6 दिनों में 23 हजार 396 किसानों को केवाईसी अपडेट कराना होगा। केवाईसी अपडेट नही कराने वाले किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित हो जाएंगे। 31 मई तक केवाईसी अपडेट कराना किसानों को अनिवार्य है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि पाने के लिए किसानों को इस माह के अंत 31 मई तक केवाईसी अपडेट कराना अनिवार्य होगा। जिले में कमजोर सर्वर के कारण 23 हजार 396 किसानों को केवाईसी अपडेट नही हो पाया है। शासन ने केवाईसी के लिए 31 मई की डेड लाइन जारी की है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लघु और सीमांत श्रेणी के जिले में 84 हजार 984 किसान हैं।

केंद्र सरकार द्वारा इन किसानों को एक वर्ष में 6000 रूपए की आर्थिक सहायता देने की योजना बनाई है। लेकिन इसके लिए सभी किसानों को अपना आधार कार्ड और किसान किताब के साथ लिंक कराकर केवाईसी कराना होगा। बीते दो माह यानी मार्च से जिले में ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा दी गई है लेकिन अधिकांश समय सर्वर डाउन होने के कारण किसानों को च्वाइस सेंटरों से भटकना पड़ रहा है। शासन ने किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि 1 दिसंबर 2018 को शुरू हुई है। एक साल में तीन किश्तों में कुल 6 हजार की राशि किसानों को मिलनी है। 4-4 माह के अंतराल में तीन बार 2-2 हजार रुपए मिलते हैं।

झीरम घाटी के शहीदों के सम्मान में रखा गया 2 मिनट का मौन

■ **एडीएम ने नक्सलवाद और हिंसा का विरोध करने की दिलाई शपथ**

मुंगेली/नवप्रदेश। झीरम श्रद्धांजलि दिवस पर कलेक्टोरेट के प्रांगण में अधिकारियों, कर्मचारियों ने शहीदों के सम्मान में 02 मिनट का मौन धारण किया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल ने अधिकारियों, कर्मचारियों को नक्सलवाद व हिंसा का विरोध करने तथा छत्तीसगढ़ को पुनः शांति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होने की शपथ दिलाई। अधिकारियों, कर्मचारियों ने 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा के शिकार हुए

जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सुरक्षा बलों के जवान एवं विगत वर्षों तथा वर्तमान में नक्सल हिंसा में शहीद हुए अन्य सभी भाई बहनों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राज्य में अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हुए सभी प्रकार के नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने एवं छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शांति का टापू बनाने का संकल्प लिया।

पांच भाजपा पार्षदों को प्रदेशाध्यक्ष ने पार्टी से दिखाया बाहर का रास्ता

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद के पांच भाजपा पार्षदों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। आदेश में कहा गया है इनके विरुद्ध कांग्रेस से सांठगांठ कर भाजपा के अध्यक्ष संतू लाल सोनकर को अपदस्थ करने के आरोप को जांच में सही पाया गया है। जबकि सोनकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया गया था, उन्हें शासन ने बर्खास्त किया था। संगठन के प्रदेश महामंत्री पवन साय इन्हें अलग-अलग पत्र में इस बात की सूचना देते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद मुंगेली के अध्यक्ष संतू लाल सोनकर जो भारतीय जनता पार्टी से निर्वाचित थे, के विरुद्ध आपने कांग्रेस के साथ सांठगांठ की और उन्हें अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से अपदस्थ किया। यह पार्टी की छवि धूमिल करने का कृत्य एवं गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। इस मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया था समिति ने सूक्ष्म जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रदेश इकाई को दी जिसमें आप दोषी पाए गए हैं। उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने उपरोक्त आरोप में आपको तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। इनमें उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, पार्षद मोहित बंजारे, सन्तोषी मोना नागरे, सोनी जांगड़े, मोतिम बाई सोनकर को पार्टी से बाहर किया है।

शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही व अनुशासनहीनता : कलेक्टर

■ **कलेक्टर ने ली कृषि विभाग के अधिकारियों की ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश**

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने कृषि अधिकारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की बैठक लेकर उनके काम-काज की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत दिए गए लक्ष्य को निर्धारित अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. सिंह ने फ सल उत्पादन को प्रोत्साहित करने कृषि आदान सहायता हेतु राजीव गांधी

किसान न्याय योजना और मुख्यमंत्री वृक्षारोपण योजना के क्रियान्वायन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के तहत निर्मित गौठानों के लिए कृषि विभाग को नोडल विभाग नियुक्त किया गया है। इस हेतु गौठान में संचालित सम्पूर्ण गतिविधियों को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने गोधन न्याय योजना की समीक्षा की और उन्होंने गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट खाद का निर्माण, विक्रय सहित अन्य कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक संपन्न

■ पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जवाबदारी

■ झीरम घाट में शहीद दिवंगतों को दी गई श्रद्धांजली

कांकेर/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के द्वारा पुराने कम्यूनिटीहॉल कांकेर में श्रद्धांजली सभा का आयोजन कर 25 मई 2013 को झीरम घाट में नक्सली हमले में हुए कांग्रेस नेताओं के शहादत को याद करते हुए दिवंगत नेताओं को श्रद्धाजंली अर्पित किया गया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल तथा खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन तथा संसदीय सचिव एवं विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभद्रा सलाम की उपस्थिति में कांग्रेस के दिवंगत नेता नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, महेन्द्र कर्मा, उदय मुदिलयार, दिनेश पटेल सहित अन्य नेताओं एवं पुलिस कर्मियों के शहादत को नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कांकेर जिला के तीनों विधानसभा के विभिन्न ब्लाकों में आयोजित दौरा कार्यक्रम के तैयारियों तथा कार्यकर्ताओं को इस संबंध में जवाबदेही तय की गई है जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया कि कोई भी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम में पहुंचने किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखा जावे साथ ही आम जनता को मुख्यमंत्री से भेंट मुलाकात करने की सुविधा प्रदान करना भी कार्यकर्ताओं की जवाबदेही सुनिश्चित की गई इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुनील गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है उसके साथ ही साथ क्षेत्र की जनता भी प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के योजनाओं से लाभान्वित होने के कारण से उनसे भेंट मुलाकात करने के लिए उनमें उत्सुकता नजर आ रही है। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अधिकांश ब्लाक में आयोजित है इसलिए संगठन के कार्यकर्ता स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम में शामिल होकर प्रत्यक्ष रूप से मुख्यमंत्री से भेंट कर सकते है। इस संबंध में जिला संगठन के द्वारा सभी ब्लाक अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि स्थानीय स्तर पर प्रदेश, जिला, ब्लाक, जोन स्तर, सेक्टर, बूथ स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री से भेंट मुलाकात सुनिश्चित करावे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नितिन पोटाई, नरेश ठाकुर हेमंत ध्रुव, सरोज ठाकुर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, सियो पोटाई, सुनील गोस्वामी, कमला गुप्ता, मनोज जैन हेमनारायण गजबल्ला जनंक नंदन कश्यप, मिलाप मण्डावी मकबूल खान, तरेन्द्र भण्डारी, रोमनाथ जैन, राजेश भास्कर, रमाशंकर दर्रो,याशीन कराणी अजय रेणु, दीपक शोरी किशन यादव नीरा साहू दीपिका श्रीवास्तव, नरेश बिछिया, महेन्द्र यादव लक्ष्मणपुरी गोस्वामी, याश्मीन खान हेमलता जैन मतीन खान गीता भास्कर आरती यादव, गोमती सलाम, चमन साहू सुमित राय, सुमति नेताम मुन्ना कुलदीप, ऋषि साहू, कमोद व्यास, अमित, शिवांकित श्रीवास्तव, बबलू रविन्द्र कुंवर दादरा, अजय भाषवानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पैराडाइज स्कूल में समर कैम्प संपन्न समापन पर पहुंचे पुलिस कप्तान सिन्हा

■ एसपी ने बच्चों से पूछे सवाल, जवाब पाकर गदगद हुए कप्तान

■ बच्चों में छुपी क्षमताओं को निखारने के लिये उन्हें हमेशा प्रोत्साहित करें : शलभ सिन्हा

कांकेर/नवप्रदेश। 2 मई से पैराडाइज स्कूल में चल रहे क्रिएटिव समर कैंप का भव्य समापन कांकेर जिला के एसपी शलभ सिन्हा द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं माता सरस्वती की पूजा अर्चना एवं संगीत शिक्षक देवकी पाण्डे के गाये सरस्वती वंदना से सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में एसपी ने प्रतिभागियों से कहा कि हमें नई-नई कला कौशल सिखने के लिये हमें लालायित रहना चाहिए और कोई भी अवसर नहीं छोड़ना। पालकों को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि अपने बच्चों में छुपी क्षमताओं को निखारने के लिये उन्हे हमेशा प्रोत्साहित करनी चाहिये। प्रतिभागियों को क्रिएटिव समर कैम्प पूर्ण करने का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। उन्हें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये किये जा रहे पैराडाइज स्कूल के बहुमूल्य प्रयासों की प्रसंशा करते हुये सी.बी.एस.सी. मान्यता प्राप्त करने के लिए प्राचार्य रश्मि रजक एवं स्कूल परिवार को बधाई दी। एसपी ने शिवम ठाकुर द्वारा मार्शल आर्ट में प्रशिक्षित हुए बच्चों के अंतिम अभ्यास का अवलोकन किया। प्रतीक ठाकुर द्वारा चल रहे कोडिंग एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण के बच्चों से कोडिंग के बारे में प्रश्न भी पूछे, बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। उन्होने स्कूल के सुसज्जित क्लास रूम, सभी लैब, लाइब्रेरी, म्यूजिक क्लास, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, आउट डोर स्पोर्ट्स ग्राउण्ड एवं इनडोर स्पोर्ट्स रूम का अवलोकन कर, इन सभी सुविधाओं की प्रसंशा की। समापन समारोह बच्चों द्वारा अनेक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। क्रिएटिव समर कैम्प के संगीत एवं नृत्य के सांस्कृतिक कार्यक्रम में कांकेर पुलिस अधीक्षक का स्वागत गीत एवं नृत्य से किया गया। प्रतिभागियों द्वारा संगीत के विभिन्न वाद्य यंत्रों गायन एवं नृत्य प्रतिभा से प्रभावित होकर एसपी शलभ सिन्हा ने प्रतिभागियों की अपार प्रसंशा की।

क्रिएटिव समर कैंप 2 मई से प्रारंभ हुआ था, जिसमें प्रतिदिन बच्चे उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए योगा ध्यान एरोबिक्स नृत्य एवं गायन तथा वाद्य यंत्रों को बजाने का प्रशिक्षण प्राप्त किये। गौरव टाडिया द्वारा क्लासिकल एवं वेस्टन डान्स का प्रशिक्षण अनुष्का मेश्राम यासिका मीना, भव्या बिस्वाल मिहिर मण्डावी, चेतन निर्मलकर, यासिका तुरकार, हिमांशी देवांगन, नौसिद्ध नेताम, केनिसा नेताम श्लोक महलवार, सताकक्षी सेन चंचल मरकाम प्रखर विश्वकर्मा महक ठाकुर भार्गवी नेताम, भूमिका यादव, द्रुविका यादव आन्या पारूथी दिव्यांश ठाकुर पूर्वाशी नेताम आदि बच्चों को दिया गया। प्रतीक सिंग ठाकुर द्वारा कोडिंग व रोबोटिक्स का प्रशिक्षण चेष्ठा नेताम सष्ठी नेताम स्नेह मण्डावी हिमांशु सिन्हा मधुशुदन बिसवाल मसर्रत आदि बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। कुणाल पाण्डे द्वारा वाद्य यंत्रों को बजाने का प्रशिक्षण डेमन यादव, समिष्ठा दास निहारिका नेताम नितिन टोप्पो अवनी रजक दक्ष रजक आयशा सिंग अवनिश सिंग सुखबीर सिंग, गिरिश मण्डावी अंतरा झा अर्श सोलंकी तनवीर गिरी,अनंत दुबे शेख दबीर, खिलंजीत, उत्कर्ष अनमोल रजक जानवी कनोजिया आर्यन नायक हितेश नायक शेख मुसर्रत, आदि बच्चों को दिया गया।बच्चों ने सफल समापन समारोह में अपना बेस्ट परफ ामेंस दिया जिससे उनके शिक्षक एवं पालक गौरवान्वित हुए। बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करते हुए, विभिन्न कला कौशलों का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, मैनेजर योगेश रजक एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं पालकों का विशेष योगदान रहा।

अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप ने समाज प्रमुखों से की मुलाकात

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री भानुप्रताप सिंह ने सर्किट हाउस कांकेर पहुंचकर आदिवासी समाज प्रमुखों से भेंट-मुलाकात किया। जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने समाज प्रमुखों के द्वारा गोंडी भाषा के शिक्षक नियुक्त करने, पेशा कानून लागू करने, पदोन्नति में आरक्षण, बस्तर फाईटर्स की भर्ती में स्थानीय लोगों की भर्ती तथा देवगुड़ी बनाने इत्यादि की मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सोहन पोटाई, गोंडवाना महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अकबरराम कोर्राम गोंडवाना समाज के संभागीय अध्यक्ष सुमेर सिंह नाग आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष मानक दरपट्टी अनुसूचित जनजाति कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लखन जुर्री, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर गोंडवाना समाज बस्तर संभाग के संयुक्त सचिव आर.आर.मरकाम, गोडवाना समाज के ब्लॉक अध्यक्ष शांता कुमार जुर्री, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर और तहसीलदार आनंद नेताम उपस्थित थे।

जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रही बढ़ोत्तरी सांसद महंत ने सात एम्बुलेंस की दी सौगात

■ बीमार मरीजों को लाने-ले जाने में होगी सहुलियत

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना महंत ने जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं मे बढोत्तरी करने के उद्देश्य से सांसद मद से सात एम्बुलेंस प्रदान किये है। जिले को सात नये एम्बुलेंस मिल जाने से बीमार मरीजो को लाने ले जाने और आपातकालीन स्थितियों मे मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल मे ले जाने के लिए सहुलियत होगी। सांसद महंत ने राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर, पाली तानाखार विधायक मोहित राम केरकेट्टा, महापौर राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर रानू साहू, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल तथा जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कोरबा निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. 11 स्थित रानी धनराज कुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से सातो एम्बुलेंसो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद महंत द्वारा प्रदान किये गये सातो एम्बुलेंस जिले के स्वास्थ्य केन्द्रो मे संलग्न होकर मरीजो के लाने ले जाने में सेवाएं प्रदान करेंगी। सात एम्बुलेंसो का संचालन जीवन दीप समिति द्वारा किया जाएगा। सभी सात एम्बुलेंस पूर्ण रूप से वातानुकुलित है। एम्बुलेंसो मे प्राथमिक उपचार किट, आक्सीजन कान्सटेव्टर, आक्सीजन सप्लाई तथा डिटेचेबल स्ट्रेचर भी उपलब्ध है।

सात एम्बुलेंसो में से करतला क्षेत्र में दो, पोडीउपरोडा में दो तथा पाली, कोरबा, कटघोरा क्षेत्रों मे एक-एक एम्बुलेंस स्वास्थ्य केन्द्रों में संलग्न होकर मरीजों को लाभान्वित करेंगी। एम्बुलेंसों के शुभारम्भ अवसर पर सांसद ने कहा कि जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं मे लगातार बढोत्तरी हो रही है। मरीजों की सुविधा और आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को सही समय मे बेहतर स्वास्थ्य लाभ मुहैया कराने अस्पताल मे भर्ती के लिए यह एम्बुलेंस काम आयेंगे। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि सांसद श्रीमती महंत द्वारा एम्बुलेंस प्रदान करने की पहल प्रशंसनीय है।

गांजे का अवैध परिवहन, एक गिरफ्तार

■ 20 हजार रूपये कीमत का गांजा जब्त

सूरजपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में लगी हुई है। इसी क्रम में रामानुजनगर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर दो किलो गांजा सहित 1 व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाही में शामील पुलिस टीम को पुरस्कृत भी किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में गुरूवार को रामानुजनगर पुलिस की टीम ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम त्रिपुरेश्वरपुर में घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित गणेश्वर प्रसाद पिता स्व. सुदामा प्रसाद उम्र 26 वर्ष निवासी कौशलपुर, थाना रामानुजनगर को पकड़ा जिसके कब्जे से 2 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत 20 हजार रूपये का जप्त किया गया। मामले में गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है।

आमगांव में झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

नगरी/नवप्रदेश। आमगांव में झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई आमगांव की पावन धरा में झीरम घाटी में शहीद छत्तीसगढ़ के कद्दावर नेता विद्या चरण शुक्ला महेंद्र कर्मा उदय मुदलियार सहित तमाम शहीदों को सिहावा विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मी धुव्र के मार्गदर्शन में आमगांव के माटी पुत्र शहीद चंद्रहास ध्रुव एवं शहीद विनोद ध्रुव स्मृति स्मारक पूजा अर्चना कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई शहीद के माता पिता द्वारा अपने पुत्र चंद्रहास ध्रुव को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किए एवं स्मारक पर माल्यार्पण किए उक्त अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षश्री कैलाश नाथ प्रजापति द्वारा उपस्थित सदस्यों कोझीरम घाटी में हुए शहीदों कीशहादत के बारे में जानकारी दी गई एवं शहीदों की आत्मा की शांति के लिए एवं परिजनों को ईश्वर से इस दुख की घड़ी को सहन करने की क्षमता प्रदान करने प्रार्थना सभा आयोजन कर 2 मिनट का मौन धारण कराया गया तत्पश्चात पूर्व विधायक झिटकु राम नेताम के स्मृति स्मारक पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि सरपंच उनके पौत्र कान सिंह नेताम एवं माखन लाल जी ध्रुव द्वारा पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया जिसमें अवसर पर ग्राम केअध्यक्ष मालाराम नेताम उमरगांव ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेश मरकाम विक्रम सिंह गुरु रमन दास मानिकपुरी विजय लाल कश्यप सुधीर भास्कर सुदे भास्कर गोवर्धन ध्रुव बोधन सिंह ध्रुव अंजूरी राम ध्रुव कमल सिंह नेताम धनुष राम नेताम सचिव राजकुमार कश्यप बंधन दास मानिकपुरी उदय राम साहू नरेंद्र कुमार कश्यप पवन सिंह नेताम सुरेखा ध्रुव शहीद की माता सोनाराम कमितला ध्रुव पुष्पा कश्यप चमीला भास्कर पूर्णिमा निर्मलकर मुकेशश्वरी निषाद कुमारी निषाद अनुसूया नेताम ममता सोमेश घुडे सी बिरगुड़ी उज्जवल साहू नरसिंह कश्यप गन्नू लाल निषाद राधेलाल लिलेश्वर भास्कर विवेक निषाद संतोष राठौड़ बसंत नेताम जीवन लाल नेताम कमल सिंह भास्कर दुलार सिंह कोरामग्राम के गणमान्य नागरिक माताएं युवा साथी एवं प्यारे-प्यारे बच्चे कार्यक्रम में उपस्थित थे।

उद्योग लगाने 25 लाख, व्यवसाय के लिए मिलेगा दो लाख रूपए का ऋण

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले में वर्ष 2022-23 में अपना उद्योग या व्यवसाय स्थापित करने के लिए युवाओं को ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। जिले में पात्र शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत उद्योग स्थापित करने, सेवा सेल की गतिविधियां, व्यवसाय करने के लिए ऋण प्रदान किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए जिले के इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 30 जून तक आवेदन कर सकते है। ऋण लेने के लिए अभ्यर्थी कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा कलेक्टोरेट परिसर में स्वंय उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा कर सकते है। उद्योगों की स्थापना के लिए अधिकतम 25 लाख रूपए सेवा क्षेत्र के लिए अधिकतम 10 लाख तथा व्यवसाय करने के लिए अधिकतम दो लाख रूपए तक का ऋण रियायती ब्याज पर दिया जायेगा। इस योजना के तहत सामान्य श्रेणी के उद्यमी को कुल परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अधिकतम एक लाख तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला भूतपूर्व सैनिक, नक्सल प्रभावित परिवार एवं विकलांग श्रेणी के लोगों को कुल लागत का 15 प्रतिशत अधिकतम एक लाख 50 हजार तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा।

कुपोषण की खाई से निकलकर सुपोषित हुआ नन्हा राजवीर

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के विशेष प्रयास से कुपोषित बच्चे सुपोषित हो रहे हैं। बैजनपुरी सेक्टर के ग्राम सेलेगोंदी निवासी राधाबाई की गर्भवती के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा समय-समय पर उसकी देखभाल कर उसका टीकाकरण करवाया गया। नियमित देखभाल के बाद भी समय से पूर्व माह जुलाई 2020 में राजवीर का जन्म हुआ, जन्म के समय राजवीर का वजन महज 1 किलो 700 ग्राम था। सेक्टर सुपरवाईजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा उस बच्चे के घर नियमित गृहभेंट कर बच्चे की माता को कंगारू मदर केयर थेरेपी देने और गरम रखकर सतत स्तनपान कराने की सलाह दी गई। छः माह पश्चात उसके माता-पिता को रेडी टू ईट का अलग-अलग प्रकार से व्यंजन बनाकर खिलाने व साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने को कहा गया। राजवीर को एनआरसी ले जाने की सलाह देने पर उसकी माता तैयार नहीं हुई तो बच्चे को घर में ही रखकर कुपोषण के चक्र से बाहर निकालने का संकल्प कार्यकर्ता द्वारा लिया गया।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत राजवीर को कोरोना काल में भी उनके घर जाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा किलकारी अभियान द्वारा लाभान्वित किया गया। किलकारी अभियान के दूसरे चरण में पौष्टिक रागी का हलवा व कोदो की खिचड़ी बनाकर सुपोषण दूत व कार्यकर्ता के द्वारा अपने समक्ष खिलाया गया। साथ ही मुनगा भाजी एवं अन्य स्थानीय खाद्यों खाने की सलाह दी जाती रही, इसके अतिरिक्त समय-समय पर सेक्टर में आयोजित मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर में उक्त बच्चे को लाभान्वित किया गया। लगातार प्रयासों के फ लस्वरूप राजवीर कुपोषण की खाई से निकलकर सुपोषण की ओर अग्रसर होने लगा और बच्चे का वजन नियमित बढ़ता रहा, जिससे कार्यकर्ता एवं सहायिका का मनोबल बढ़ा। अब राजवीर गंभीर कुपोषण की खाई को पारकर सामान्य श्रेणी में आ गया और पूर्णतः स्वस्थ है। राजवीर के पालक भी बहुत खुश हैं और वे महिला बाल विकास विभाग के सभी अमले को दिल से धन्यवाद करते हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग बिलासपुर (छ.ग.)
नगर निगम टाऊन हाल के पीछे पिन-495001 फोन नं. 07752-418657 Email-bridge_bilaspur@rediffmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 1990/NIT-21/2022-23/व.ले.लि. दिनांक 23.05.2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 02.06.2022
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 07.06.2022
निविदा खोलने की तिथि :- 08.06.2022
निविदा प्रपत्र की कीमत (रु. में) :- A 750.00
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन श्रेणी 'द' से 'अ' तक
कार्य की अवधि :- 02 माह वर्षाऋतु सहित

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoofCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु. में)
1	2	3
21 T0022	शनिचरी से चांटीडीह मार्ग पर स्थित शनिचरी रपटा में क्षतिग्रस्त कांक्रीट के विशेष मरम्मत कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	18.71 14032.00 280650.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। पालिमर क्रांकीट के कार्य के अनुभवी निविदाकार ही निविदा में भाग ले सकते हैं, इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

(सुकदेव राम सिन्हा)
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग
बिलासपुर (छ.ग.) मो.नं. 9424288333

जी-91515/3

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, बैकुण्ठपुर
जिला- कोरिया (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 09.06.2022 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक	सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
19/व.ले.लि./ई-प्रोक्यू./ 2022-23 दिनांक 23.05.2022 (प्रथम आमंत्रण)	100051	सांवला जलाशय योजना के नहरों का उन्नयन एवं सी.सी. चैनल का निर्माण कार्य (आर.एम.वर्क) (कार्य समाप्ति दिनांक से 10 वर्ष तक अनुरक्षण कार्य सहित)	रु. 258.59 लाख
20/व.ले.लि./ई-प्रोक्यू./ 2022-23 दिनांक 23.05.2022 (प्रथम आमंत्रण)	100052	मेरो जलाशय योजना के नहर का निर्माण कार्य एवं नहर में पक्की संरचनाओं का निर्माण कार्य (कार्य समाप्ति दिनांक से 10 वर्ष तक अनुरक्षण कार्य सहित)	रु. 190.12 लाख
22/व.ले.लि./ई-प्रोक्यू./ 2022-23 दिनांक 23.05.2022 (प्रथम आमंत्रण)	100053	पुसौर स्टाप डेम का निर्माण कार्य (कार्य समाप्ति दिनांक से 10 वर्ष तक अनुरक्षण कार्य सहित)	रु. 236.32 लाख
23/व.ले.लि./ई-प्रोक्यू./ 2022-23 दिनांक 23.05.2022 (प्रथम आमंत्रण)	100054	बड़ेसाल्ही जलाशय योजना के नहरों की उन्नयन एवं सी. सी. चैनल का निर्माण कार्य (आर.एम. वर्क) (कार्य समाप्ति दिनांक से 10 वर्ष तक अनुरक्षण कार्य सहित)	रु. 236.82 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 30.05.2022 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

(ए. टोप्पो)
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)

जी-91520/7

श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टॉल में मिल रही सस्ती दवाइयां

■ विकास प्रदर्शनी में दिखी राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति

रायपुर/नवप्रदेश। विकास प्रदर्शनी में दिखी राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगतिजनसंपर्क विभाग द्वारा राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की उपलब्धियों और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर आधारित फ ोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। विकास प्रदर्शनी में जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से फोटो और वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में राजीव गांधी किसान न्याय योजना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, दाई दीदी क्लीनिक, राम वन गमन परिपथ, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, गोधन न्याय योजना सहित राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी फोटो-वीडियो के माध्यम से दी जा रही है।

गरियाबंद जिले के विभिन्न विकासखंडों से पंचायत एवं नगरी निकाय के जनप्रतिनिधियों सहित अन्य नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसकी सराहना की। प्रदर्शनी देखने आए ग्रामीणों ने श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से अच्छी गुणवत्ता की सस्ती दवाएं उपलब्ध हो रही है। यह योजना पंचायत स्तर पर भी लागू होना चाहिए। जिससे लोगों को महंगाई के समय में अच्छी गुणवत्ता की सस्ती दवाइयों का लाभ मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य के अलग-अलग शहरों में 194 श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स खोलने का लक्ष्य है, इनमें से 159 दुकानों का संचालन वर्तमान में किया जा रहा है। योजना से अब तक कुल 17 लाख 92 हजार ग्राहकों को लाभ मिला है। इससे दवा खरीदने वाले ग्राहकों को कुल 17 करोड़ 38 लाख रूपए की बचत हुई है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गरीब से गरीब व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत 20 अक्टूबर 2021 से श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत राज्य के शहरी क्षेत्रों में जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स की स्थापना की गई है। श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से 50 प्रतिशत से 72 प्रतिशत कम कीमत पर लोगों को दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन मेडिकल स्टोर्स में 251 प्रकार की जेनेरिक दवाईयां तथा 27 सर्जिकल उत्पाद की बिक्री अनिवार्य है। इसके अलावा वन विभाग के संजीवनी के उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद और शिशु आहार आदि का भी विक्रय इन मेडिकल स्टोरों में किया जा रहा है। राज्य के वनवासियों द्वारा तैयार किये गये आर्गेनिक उत्पादों (संजीवनी के उत्पादों) का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की अपील भी की गई है, जिससे आदिवासी लोगों के प्रयास को भी बढ़ावा मिल सके।

संविधान संशोधन समिति की नियमित बैठक चेंबर भवन में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर के संविधान में संशोधन हेतु चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी सहित संविधान संशोधन समिति के सदस्य- राजेन्द्र जग्गी,मनमोहन अग्रवाल, भरत बजाज, संजय रावत एवं राम मंधान सम्मिलित हैं जो नियमित रूप से चेम्बर के संविधान में संशोधन से संबंधित बैठक कर रहे हैं। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि बदलाव प्रकृति का नियम है। आवश्यकता के अनुरूप ही नियम बनते हैं, बदलते हैं तथा उन्हें अद्यतन भी किया जाता है। चेंबर के संविधान में शुरुआती दौर में जो नियम बने हुए हैं उनका वर्तमान रूप में बदलाव करना आवश्यक है। चूंकि पूर्व में चेंबर की सदस्यों की संख्या सीमित थी जो वर्तमान में पहले से कई गुना बढ़ गई है।

रमन से बड़ा क्रूर शासक आजाद भारत में कोई नहीं हुआ : कांग्रेस

भाजपा डरती है जीरम का सच सामने आने पर वह बेनकाब हो जायेगी

रायपुर। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा डरती है जीरम का सच सामने आ जायेगा तो वह बेनकाब हो जायेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि रमन सिंह से बड़ा क्रूर शासक आजाद भारत में आज तक नहीं हुआ। एक साथ विपक्ष के 32 नेताओं की हत्या हो गयी और तत्कालीन सरकार सच सामने आने देने से रोकने में पूरी ताकत लगा रखी थी। भाजपा के बड़े नेता जीरम की जांच को रोकने लगातार कोशिशें कर रहे उसमें साफ हो रहा जीरम के पीछे तत्कालीन भाजपा सरकार की भूमिका संदिग्ध है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जिस प्रकार से भाजपा जीरम की जांच रोकने का षडयंत्र कर रही है। उससे यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा कि भाजपा जीरम की जांच क्यों नहीं होने देना चाहती? ऐसा क्या डर है जो बार-बार जीरम की जांच में भाजपा के तरफ से अड़ंगे लगाये जाते है। ये कोई पहली बार नहीं हुआ है जब भाजपा ने झीरम घाटी कांड की जांच में बाधा खड़ी करने की कोशिश की हो। झीरम घाटी कांड की जांच सबसे अधिक भाजपा के शासन काल में हुई। सीबीआई की जांच नहीं होने दे रहे थे, एनआईए की जांच रोक दिया था। एसआईटी की जांच नहीं होने देना चाहते थे। अब न्यायिक जांच आयोग की जांच को रोकना चाहते है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जैसे ही झीरम घाटी कांड की जांच की बात आती है पता नहीं क्यों भाजपा के बड़े-बड़े नेता घबराने लगते है, किसी न किसी प्रकार से वे इसकी जांच को बाधित करने में जुट जाते हैं, कभी बयानबाजी करते हैं, कभी आंदोलन करते हैं, कभी कोर्ट की शरण में जाते हैं, पीआईएल दायर करते हैं, यानी किसी भी प्रकार से भाजपा झीरम घाटी की जांच को होने ही नहीं देना चाहती है। भाजपा के नेता इस बात से डरते हैं कि झीरम घाटी कांड की जांच से ऐसा कोई सच निकलकर आ जायेगा जिससे तत्कालीन भाजपा सरकार के किसी कुत्सित चेहरे पर से नकाब उठा जायेगा? भाजपाई इस बात से डरते हैं कि उनके आका, तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की सरकार की नाकामी, उनके द्वारा कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा मुहैया करवाने में बरती गई घोर लापरवाही सामने आ जायेगी? भाजपा किस बात से डर रही है? क्या श्री धरमलाल कौशिक इस बात से डरते हैं कि इस नक्सली घटना के पीछे की किसी बड़ी साजिश का पर्दाफाश हो जायेगा जिसका प्रभाव इनकी पूरी पार्टी पर पड़ सकता है? आखिर किसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं, भाजपा और भाजपा के लोग।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि झीरम घाटी कांड एक ऐसा कांड था जिसने कांग्रेस के नेतृत्व की एक पूरी पीढ़ी को ही समाप्त कर दिया था। स्वतंत्र भारत में हुई दुर्दान्त और हृदय विदारक घटना भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में डॉ. रमन सिंह के राज में घटित हुई थी ये इसके गुनाहगारों को सजा जरूर मिलनी चाहिये।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

■ जिला अस्पताल पंडरी में होगा आयोजन

■ आरबीएसके के तहत होगी किशोर किशोरियों के स्वास्थ्य की जांच

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आरबीएसके फरवरी 2013 में आरंभ किया गया था। बच्चों के जीवन की समग्र गुणवत्ता को ऊपर उठाने के और उन्हें अपनी सम्पूर्ण क्षमता को पाने योग्य बनाने के लिए प्रारंभ किया गया था। इस कार्यक्रम में जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच शामिल है। स्वास्थ्य जाँच में चार श्रेणियों- जन्म जात रोग, कमियाँ , बीमारियाँ, विकास में देरी से सम्बंधित 32 रोगों की जांच की जाती है, ताकि इन रोगों का शीघ्र पता लगाते हुए बीमार बच्चों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सके साथ ही इसमें तृतीयक स्तर पर सर्जरी भी शामिल है। इन चार श्रेणियों में श्रेणीबद्ध रोगों को 4डी (4ड) के नाम से भी जाना जाता है।

रायपुर। जिला स्वास्थ्य समिति रायपुर द्वारा जिला चिकित्सालय पंडरी में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत 0 से 18 वर्ष के बच्चों के लिये किया जाएगा । स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य समय रहते बच्चों के जटिल रोगों की पहचान करना और उन्हें स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर डॉ. मीरा बघेल ने बच्चों और अभिभावकों से अपील की ह कि वह अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य शिविर में जांच के लिए पहुंचे। शिविर में पहुंचकर पंजीयन कराए उसके उपरांत उनकी निशुल्क जांच की जाएगी । गंभीर स्थिति में रोगियों को उच्च चिकित्सालयों के लिए भी रेफरल किया जाएगा । इस शिविर का उद्देश्य बच्चों के घर तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना है और उनको रोगों का समय पर पहचान कर उचित चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना भी है ।

शिविर की जानकारी देते हुए डॉ. मीरा बघेल ने बताया ''राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों व किशोर-किशोरियों के कान, नाक, गला, हड्डी, नेत्र रोग सहित कार्डियोलॉजिस्ट (हृदय रोग विशेषज्ञ) और न्यूरोलॉजिस्ट (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ) द्वारा स्वास्थ्य जांच की जाएगी।

रायपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा साहूकारी लाइसेंस शिविर 30 मई को

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर रायपुर सराफा एसोसिएशन के द्वारा सराफा भवन हलवाई लाइन में साहूकारी लाइसेंस शिविर का आयोजन 30 मई को किया गया हैं। इस दौरान सराफ ा कारोबारी नया लाइसेंस बनवा या लाइसेंस का नवीनीकरण करवा सकते हैं। शिविर में तहसीलदार मनीष देव साहू अपनी टीम के साथ उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष हरख मालू, उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण लाहोटी, प्रहलाद सोनी, सह सचिव अनिल कुचेरिया ने विज्ञप्ति में दी।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन के माध्यम से साहूकारी लायसेंस दिया जा रहा है लेकिन इसमें तकनीकी त्रुटि होने के कारण साहूकारी लायसेंस लेने में सराफा कारोबारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले दिनों जिला कलेक्टर सौरभ कुमार से मिला और तकनीकी त्रुटियों के संबंध में अवगत कराया।

दिव्यांग बच्चों के समावेशी विकास के लिए हुई बैठक

■ समाज कल्याण विभाग की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के समन्वय के लिए हुई चर्चा

रायपुर। समाज कल्याण विभाग की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के समन्वय के लिए हुई चर्चाछत्तीसगढ़ में मानसिक रूप से अक्षम और दिव्यांग बच्चों की समुचित प्रारंभिक देख-रेख, शिक्षा, चिकित्सा और उनके पालकों में जागरूकता के लिए समाज कल्याण विभाग की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ तालमेल बैठाते हुए समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में समाज कल्याण विभाग के उपसचिव श्री राजेश तिवारी, चिल्ड्रन इन इंडिया संस्था के फाउंडर ट्रस्टी डॉ. संतोष जॉर्ज सहित महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

चिल्ड्रन इन इंडिया संस्था के फाउंडर ट्रस्टी डॉ. संतोष जॉर्ज ने बताया कि भारत में हर साल जन्मे 15 लाख बच्चे जन्मजात विसंगति और लगभग 25 लाख बच्चे विकासात्मक विलम्ब से पीड़ित होते हैं। ऐसे बच्चों की समय पर पहचान और चिकित्सा होने से उन्हें सामान्य जीवन दिया जा सकता हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण ऐसे बच्चों को आंगनबाड़ी या स्कूल नहीं भेजा जाता हैं। इससे भी उनका सामान्य विकास बाधित होता है। इस दिशा में आगे बढ़कर काम करने की जरूरत है। संस्था की डिस्ट्रिक्ट कोऑडिनेटर सुश्री सरिता ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि सेरीब्रल पाल्सी, दृष्टि दोष, क्लब फुट, बहरापन, डाउनसिंड्रोम, डेव्हलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप, ऑटिज्म जैसी कई विकृतियों से ग्रसित बच्चों के स्वतंत्र और स्वावलंबी जीवन के लिए जागरूकता की जरूरत है।

समाज कल्याण विभाग के उपसचिव श्री तिवारी ने कहा कि हर बच्चों को विकास का समान अधिकार है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इस अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार प्रयास कर रही है। राज्य सरकार विभिन्न विभागों के समन्वय से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान कर उनके समग्र विकास का निरंतर प्रयास कर रही है। इस दिशा में बच्चों के समावेशी विकास की दिशा में पहल की जा रही है।

कलेक्टर ने आयोजित राजस्व शिविरों का किया निरीक्षण, फरियादियों से की चर्चा

रायपुर। कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज अभनपुर तहसील तथा गोबरा नवापारा के विभिन्न गांव में लगाए गए राजस्व शिविर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्राम सकरी तथा भटगांव में आय, जाति,निवास प्रमाण पत्र बनाने तथा विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु डोर टू डोर किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति तथा विद्यार्थी आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र हेतु वंचित न हो । किसी परिवार में किसी एक भी व्यक्ति का जाति प्रमाण पत्र पूर्व में बना हो तो उनके बच्चों का तत्काल जाति प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करें ।

उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य आय ,जाति तथा निवास प्रमाण पत्रों की घर पहुँच सुविधा उपलब्ध कराना है। अविवादित नामांतरण, फौती नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन का मौके पर निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम सकरी में सिंचाई विभाग द्वारा किये जा रहे नाली निर्माण कार्य का भी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया तथा कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण करने निर्देशित किया गया।

ग्राम भंटगांव में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होने पर उसे शीघ्र ही निराकरण करने के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया गया। ग्राम तोरला में बंदोबस्त त्रुटि सुधार की मांग पर उन्होंने 04 दिवस के भीतर बंदोबस्त त्रुटि सुधार के आवेदन लेने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया । इस अवसर पर अभनपुर के एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी तहसीलों के विभिन्न ग्रामों में राजस्व शिविर लगाकर राजस्व सम्बन्धी तथा अन्य समस्याओं का समाधान किया जा रहा है जिसमें यथासंभव मौके पर ही समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए निगम घरों की जांच करेगी निगम

रायपुर/नवप्रदेश। गिरते भूजल स्तर के मद्देनजर अब रायपुर नगर निगम शहर के बड़े भवनों तथा घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगे होने की जानकारी लेगी। सिस्टम नहीं लगे होने पर 7 दिन के भीतर लगाने की हिदायत दी जाएगी। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आज इस सम्बंध में निगम के एमआईसी सदस्य कुमार मेनन ने एक बैठक ली। जिसमें अपर आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, नगर निवेश अधिकारी बी आर अग्रवाल तथा सभी 10 जोनों के नगर निवेश अधिकारी भी शामिल थे। बैठक में श्री मेनन ने गिरते जलस्तर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की चिंता पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि बरसाती जल को सहेज के रखा जाना है जरूरी है। अन्यथा आगे गम्भीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा। इसी बात को सामने रखकर उन्होंने कहा कि भवनों और घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य है। किंतु देखा जा रहा है कि कई लोग इसे नहीं लगवा रहे हैं।

धुंआ उड़ाते धरे गए, किया चालान

कोटपा एक्ट के अंतर्गत हुई कार्यवाही

रायपुर/नवप्रदेश। शहर को धूम्रपान मुक्त बनाने के लिए जिला प्रवर्तन दल द्वारा चालानी कार्यवाही की जा रही है जिसमें बुधवार को रेलवे स्टेशन फाफाडीह चौक और पचपेड़ी नाका क्षेत्रों में पान दुकानों पर चलानी कार्यवाही की गयी। सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियम) अधिनियम, 2003, यानि कोटपा के अंतर्गत की गयी इस कार्यवाही में से 1,450 रुपये जमा किये गए।

चालानी कार्यवाही की जानकारी देते हुए जिला सलाहकार डॉ. सृष्टि यदु ने बताया: 'जिला प्रवर्तन दल द्वारा बस स्टेशनों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में तम्बाकू उत्पाद बेचने पर और दुकानों में कोटपा के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर कोटपा की धारा 4 एवं 6 अंतर्गत कुल 31 चालान किये गए । साथ ही दुकानदारों को प्रतिबंधित पदार्थों की खरीद-बिक्री के लिए गठित कानून के बारे में भी जानकारी दी गई।'

इस कार्यवाही का उद्देश्य कोटपा की धाराओं को शहरी क्षेत्रों में लागू करना है। कार्यवाही के दौरान पाया गया पान स्टाल पर धूम्रपान किया जा रहा था साथ ही बिना चेतावनी चिन्ह के तम्बाकू पदार्थों को बेचा जा रहा था। इस संबंध में दुकान के मालिक सहित वहां पर आए लोगों को भी कोटपा के बारे में जागरूक कराया गया।

पारले एग्रो कर रही है समूचे भारत में किसानों और फल प्रसंस्करण साझेदारों के विकास के लिये अवसरों का निर्माण

रायपुर/नवप्रदेश। भारत की सबसे बड़ी बेवरेज कंपनी पारले एग्रो फ्रूटी और ऐपी जैसे फलों से बने प्रतिष्ठित बेवरेज ब्रांड्स बनाने में अग्रणी रही है। ये पेय पदार्थ लगभग हर भारतीय के दिलों पर राज करते हैं देश और दुनिया भर में अपने उत्पादों की व्यापक मांग को पूरा करने के उद्देश्य से पारले एग्रो अपने आंतरिक आधारभूत संरचना को अपडेट करने में ध्यान केंद्रित कर रही है इसके साथ ही कंपनी समूचे भारत में अपने फल प्रसंस्करण साझेदारों की काबिलियत और क्षमताओं का निर्माण करने में तत्परता से काम भी कर रही है।

इस अवसर पर शौना चैहान सीईओ पारले एग्रो ने कहा पारले एग्रो कच्चे माल और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के मामले में हमेशा ही भारत-केंद्रित रहेगी हमारा लक्ष्य भारत के आर्थिक रूप से निर्माण में योगदान देकर और पूरे भारत में छोटे किसानों और एसएमई और एमएसएमई के लिये अवसर पैदा करके भारत की शानदार विकास कहानी का हिस्सां बनना है भारत में अपने साझीदारों की क्षमताओं में सुधार लाना और उनकी क्षमताओं का निर्माण करने और बेवरेज श्रेणी में बेहतरीन उत्पाद का निर्माण करने में अग्रणी रहना हमेशा से ही हमारा लक्ष्य रहा है

वर्ष 1985 से ही पारले एग्रो ने भारत में फलों का उत्पाणदन करने वाले किसानों और प्रोसेसर्स के साथ लगातार काम किया है ताकि उन्हें आगे विकसित किया जा सके और उन्हें अपनी कमाई बढ़ाने के अवसर मिल पाएं कंपनी इस दिशा में आगे बढ़ती जा रही है और उसने अपने प्रसंस्करण साझीदारों पर भारी निवेश किया है ताकि उन्हें अपनी उच्चतम क्षमता दिखाने में मदद मिल सके इसके साथ ही कंपनी ने भारत से ही 100: स्रोत का दृढ़ संकल्प लिया है ऐतिहासिक रूप से पारले एग्रो ने हमेशा से भारत से फलों की आपूर्ति की है और चीन से भी आयात किया जा रहा था ताकि एप्पल जूस की उनकी जरूरतों को पूरा किया जा सके लेकिन अब कंपनी ने चीन से एप्पल जूस के आयात को पूरी तरह से बंद कर दिया है और भारतीय किसानों के अपने नेटवर्क के माध्यम से पूरी तरह से अकेले भारत से इसकी आपूर्ति की जा सके।

कार चालक की लापरवाही से महिला ने खोया अपना बायां पैर

बचेली/नवप्रदेश। कार चालक की लापरवाही का खामियाजा एक महिला को अपना बायां पैर खोकर भुगतना पड़ा। दरअसल, महिला हॉकी ग्राउंड में देर शाम अपने पति व ढाई साल की बच्ची को गोद में लेकर बैठी थी। इस बीच ग्राउंड पर एक व्यक्ति कार लेकर आया और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए किनारे बैठे महिला को ठोकर मार दिया। इस हादसे में जहां उसके एक पैर पूरी तरह से फ्रैक्चर हो गए तो वहीं ढाई साल के मासूम बच्ची के सिर में 14 टांके लगाने पड़े। जानकारी के मुताबिक, गरिमा भोपले अपने परिवार के साथ ग्राउंड के किनारे अपनी ढाई साल की बच्ची चारवी को गोद मे लेकर अपने पति राज पराग भोपले के साथ बैठी थी। तभी मारुति कार क्रमांक सीजी 18 क्यू 0473 ग्राउंड के अंदर लापरवाही करते हुए चालक महेंद्र ठाकुर ने अचानक नियंत्रण खोते हुए सीधा जाकर महिला को ठोक दिया। इससे महिला बाउंड्रीवाल और कार के बीच फंस गयी। महिला की चीख पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल महिला व बच्ची को एनएमडीसी अपोलो अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार कर महिला को बेहतर इलाज हेतु हैदराबाद रेफर किया गया था। इस दुर्घटना में महिला का बायां पैर इतना ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गया था कि डॉक्टरों को महिला का बायां पैर काटना पड़ा वहीं दूसरे पैर में भी हड्डियां बुरी तरह से टूट चुकी है जिसका ऑपरेशन किया जाना है। वहीं ढाई साल की बालिका चारवी को भी सिर पर 14 टांके लगे। परिजनों के मुताबिक छोटे से ग्राउंड में कार चलाना कैसे सही हो सकता है जबकि इस ग्राउंड में लोग रोजाना वाकिंग करते है। हादसे पर आस पास रहने वाले एनएमडीसी कर्मचारियों में नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों ने बताया कि कई दिनों से हॉकी ग्राउंड के अंदर कुछ लोग कार सीखने आ रहे। इसकी शिकायत एनएमडीसी के कार्मिक विभाग के अधिकारियों को दी गयी थी कि ग्राउंड में लोग वाकिंग करने आते हैं ऐसे में ग्राउंड में कार चलने से हादसा हो सकता है परंतु कार्मिक विभाग के अधिकारियों ने मामले को गम्भीरता से नहीं लिया जिससे यह हादसा हो गया। पुलिस थाना बचेली के एएसआई केशव ठाकुर ने बताया कि मामले में पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर कार चालक के ऊपर धारा 279,337 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। आगे की कार्यवाही में पीड़िता का बयान लेकर गवाहों के बयान के आधार व मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी फिलहाल जांच जारी है।

मिनी स्टेडियम बना शराबियों का अड्डा खेल मैदान में लगा बोतलों का अंबार

बैकुंठपुर-कोरिया/नवप्रदेश। स्कूल प्रबंधन की लापरवाही कहें या नगर पालिका की निष्क्रियता लापरवाही जिसकी भी हो पर मुख्यालय के बीच स्थित विद्यालय प्रांगण जिसे मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर भी कहा जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद सहित विभिन्न प्रकार के आयोजनों के एक मात्र मध्य स्थल के रूप में आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का प्रांगण जाना जाता है। परंतु इन दिनों इस पूरे स्टेडियम के अंदर और सीढ़ियों के सामने बृहद पैमाने पर अंग्रेजी शराब और बीयर की बोतलों का जमावड़ा तो देखा जा सकता है ही पर उससे बड़ी लापरवाही या कृत्य यह भी है की शराब की बोतलों को फोड़कर उसके छोटे-छोटे कांच के टुकड़े भी चारो तरफ फैलाए हुए हैं। जिनको देखने के बाद जूता पहनकर भी वहां जाने की जोखिम कोई नहीं उठाएगा। आपको बता दें की आए दिन इस स्टेडियम में क्रिकेट का भी खेल चलता रहता है वो भी रात्रि को ऐसे में कैंपस का ये आलम बिखरे कांच कभी भी खिलाड़ियों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है जिसके बाद भी स्कूल प्रबंधन और नगर पालिका प्रशासन इतनी जहमत नहीं उठा पा रहा कि स्टेडियम की साफ-सफाई और निगरानी की जा सके और जिसे शराबियों सहित नशेड़ियों की जमघट से दूर सुरक्षित किया जा सके। बहरहाल जिम्मेदार कौन है इससे बड़ा तर्क यही है की स्कूल परिसर शराबियों का अड्डा क्यू बन रहा है। इस पर गंभीरता अख्तियार करते हुए नगर पालिका प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

पोर्टल पर खाद की खरीदी बिक्री एंट्री करने अधिकारी कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

सूरजपुर/नवप्रदेश। संचालनालय कृषि छग रायपुर विकास भवन द्वारा जिले के टॉप 20 यूरिया उर्वरक, क्रेताओं एवं विक्रेताओं के सत्यापन तथा क्यूआर कोड इंस्टालेशन के सत्यापन कर सत्यापन रिपोर्ट पोर्टल पर इंद्राज कराने, शत-प्रतिशत उर्वरक खुदरा विक्रेताओं के द्वारा डिजिटल पेमेंट की सुविधा कृषकों को उपलब्ध कराने हेतु एवं सत्यापन की नियमित समीक्षा कर जानकारी पोर्टल पर अपलोड कराने हेतु शत प्रतिशत सत्यापन रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करने अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जांच प्रतिवेदन तीन दिवस के अन्दर संबंधित कार्यालय को प्रस्तुत करना होगा। सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

खाद के सत्यापन सहित अन्य कार्य हेतु प्रभारी नियुक्त

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले के टॉप 20 यूरिया उर्वरक विक्रेताओं के सत्यापन, विकास खण्ड स्तर पर औचक निरीक्षण, पीओएस खाद, बीज व कीटनाशकों के कालाबाजारी को रोकने हेतु तथा क्यूआर कोड इंस्टॉलेशन के सत्यापन रिपोर्ट पोर्टल पर इंद्राज कराने तथा शत-प्रतिशत उर्वरक खुदरा विक्रेताओं के द्वारा डिजीटल पेमेंट की सुविधा कृषकों को उपलब्ध कराने हेतु नियमित समीक्षा कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रस्तुत करने हेतु अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

पुलिस ने निगरानी गुंडा बदमाशों के घरों में दी दस्तक

◗ शांति व्यवस्था कायम रखने पुलिस चला रही चेकिंग अभियान

सूरजपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने अपराधिक गतिविधियों में लिप्त निगरानी, माफी व गुंडा बदमाशों पर निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर निकली पुलिस की अलग-अलग टीम ने 53 बदमाशों के घरों में दस्तक देकर इस बात की तस्दीक किया कि वह घर पर है या नहीं। साथ ही ऐसे बदमाशों को पुलिस ने यह हिदायत भी कि भविष्य में किसी भी अपराधिक घटनाओं में लिप्त न रहे, किसी तरह के अवैध गतिविधियां ना करें, कोई भी अपराध करने पर कड़ी कार्रवाई करने चेतावनी दी गई। एसपी ने पूरे जिले में एक साथ निगरानी व गुंडे बदमाशों का चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के नेतृत्व में जिले के थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना-चौकी क्षेत्रों के निगरानीशुदा, गुंडा बदमाशों की आकस्मिक जांच घर पहुंच कर की गई। जांच पड़ताल के दौरान बदमाशों के गुजर बसर, वर्तमान में किए जा रहे कार्य का भी ब्यौरा लिया गया। जो बदमाश घर पर नहीं मिले उनके संबंध में भी गुजर-बसर के बारे में जानकारी ली गई। उल्लेखनीय है कि जिले में शांति कायम रखने यह चेकिंग अभियान चलाया गया, पुलिस लगातार ऐसे लोगों की हरकतों पर नजर रख रही है।

दो कबाड़ गोदाम को विश्रामपुर पुलिस ने किया सील

सूरजपुर/नवप्रदेश। गुरूवार को विश्रामपुर पुलिस ने अवैध कारोबार के विरूद्व कार्यवाही करते हुए 2 कबाड़ गोदाम को सील कर दिया है। कबाड़ी गोदाम में रखे लोहे सहित अन्य कलपूर्जे के बारे में पुलिस को कोई संतोषजनक जवाब अथवा कोई दस्तावेज नहीं दे सके। थाना प्रभारी विश्रामपुर ट्रेनी आईपीएस संदीप पटेल पुलिस टीम व तहसीलदार के साथ संडे मार्केट स्थित गुलाम अहमद उर्फ गुड्डा एवं शिवनंदनपुर स्थित अलगेशन पिल्ले उर्फ बाबा कबाड़ी के गोदाम में दबिश देते हुए दोनों कबाड़ियों से कबाड़ खरीदी-बिक्री संबंधी दस्तावेज की मांग की, लेकिन कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। तहसीलदार की मौजूदगी में दोनों कबाड़ गोदामों को सील कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने इस कार्यवाही में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यो की प्रशंसा करते हुए इन्हें पुरस्कृत किया है।

झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए नेताओं को दी श्रद्धांजली

सूरजपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के झीरम घाटी में 25 मई 2013 को नक्सल हिंसा के शिकार हुए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सुरक्षा बलों के जवानों के शहादत को याद करते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू ने बुधवार को जिला पुलिस कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाया कि दिनांक 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा के शिकार हुए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सुरक्षा बलों के जवान एवं विगत वर्षो तथा वर्तमान में नक्सल हिंसा में शहीद हुए अन्य सभी भाईयों-बहनों के लिए हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हम छत्तीसगढ़वासी अपने राज्य में अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शान्ति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे कि शपथ ली गई। यह शपथ जिले के सभी थाना/चौकी में ली गई एवं दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

स्वामी आत्मानंद स्कूल में रिक्त पदों पर भर्ती, वाक-इन-इंटरव्यू 2 जून को

सूरजपुर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय विश्रामपुर जिला सूरजपुर में व्याख्याता, शिक्षक, प्रधान पाठक मा.शा., सहा. शिक्षक विज्ञान एवं गैर शिक्षकीय रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु वाक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। जिला अंतर्गत कार्यरत विभागीय नियमित व्याख्याता, व्याख्याता एलबी, शिक्षक, शिक्षक एलबी, प्रधान पाठक मा.शा., सहा. शिक्षक विज्ञान जो विज्ञापित पद के अनुरूप शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता रखने वाले प्रतिनियुक्ति के इच्छुक गैर शिक्षकीय कर्मचारी निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ 02 जून को प्रातः 10 बजे निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र एवं समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति तथा एक सेट स्व सत्यापित प्रतिलिपि के साथ वाक-इन-इंटरव्यू में स्थान जिला पंचायत कार्यालय सूरजपुर में शामिल हो सकते है। संस्था में पदस्थ व्याख्याता, शिक्षकों को योग्यता के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी।

आदिवासी महिलाओं ने उठाया विद्यालय एवं शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने का बीड़ा

नगरी/नवप्रदेश। आदिवासी विकासखण्ड नगरी के सुदूर अंचल बोराई संकुल में स्थित प्राथमिक शाला बुडरा की। 82 कच्चे पक्के मकान में रहने वाले 411 की जनसंख्या वाले इस गांव ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास लिखने का संकल्प ले लिया है। 21 अप्रैल एवं 29 अप्रैल को डाइट के प्राचार्य व्हीपी चन्द्रा, संकाय सदस्य केएस ध्रुव एवं जोहन नेताम ने संयुक्त रूप से इस विद्यालय की मॉनिटरिंग कर बच्चों के सीखने सिखाने का अध्ययन किया था। इसी दौरान इन्होंने पालकों से विद्यालय एवं बच्चों के विकास में पालकों की भूमिका पर लम्बी बातचीत की थी। इस बातचीत में गांव के महिला पुरुष उपस्थित थे। विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बातचीत का ऐसा असर हुआ कि पालकों ने वहीं संकल्प लिया कि वे अपने विद्यालय को न केवल बेहतर बनाएंगे अपितु वे बच्चों को भी बेहतर शिक्षा देने में जिम्मेदारी निभाएंगे। इस हेतु वहां के सक्रिय पुरुष तथा महिलाओं ने मोर्चा संभाला। सर्वप्रथम इन्होंने ग्रीष्मकालीन विद्यालय संचालन का संकल्प लिया। इसकी जिम्मेदारी ली 62 वर्षीय राजाराम नेताम ने। इन्होंने विद्यालय का नियमित संचालन किया। इनके समर्पण को देखकर कन्हैया नेताम, नर्सिका नेताम, रीना नेताम, शिव मंडावी ने भी प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थिति दी। पालकों की सीधी भागीदारी से आज बच्चों का स्तर बढ़ गया है। इधर राधिका नेताम, नीराबाई, कुमारी सलाम, सुलोचना सलाम, उत्तरा नेताम ने गांव में घूम घूमकर लोगों को रात्रि में मीटिंग के लिए आमंत्रित किया। इनके उत्साह को देखकर विजय नेताम, शिव यादव, कन्हैया नेताम ने भी इनका साथ दिया। रात में मीटिंग हुई। महिलाओं के नेतृत्व में आयोजित मीटिंग में तय हुआ कि सबसे पहले विद्यालय को आकर्षक बनाने हेतु चार दीवारी का निर्माण जरूरी है। इसके लिए गांव के सभी के सहयोग से ईंट निर्माण का प्रस्ताव रखा गया जिसे एक मतेन स्वीकार किया गया।

पूरे गांव को 8 समूह में बांटा

पूरे गांव को आठ समूह में बांटकर 2-2 समूह को 2 दिवस तक ईंट बनाने की जिम्मेदारी दी गई। इसमें महिला पुरुष दोनों को शामिल किया गया। हर समूह के लिए एक मुखिया तय किया गया। 22 मई से आज तक ईंट बनाने का काम अनवरत जारी है। इस हेतु पालकों ने ट्रैक्टर का इंतजाम कर रेत की व्यवस्था की। राधिका नेताम ने ईंट बनाने के लिए अपने जमीन की मिट्टी दी। आज लगभग 10 हजार ईंट का निर्माण इन आदिवासी पालकों के द्वारा कर लिया गया है। यह कार्य अभी जारी है। इन लोगों ने यह भी संकल्प लिया है कि पूरे वर्ष भर विद्यालय में शैक्षिकेत्तर गतिविधियों के लिए राशि की व्यवस्था भी करेंगे। इसके अतिरिक्त बच्चों के लिये शिक्षण अधिगम सामग्री की व्यवस्था भी करेंगे। इस तरह से बुडरा के पूरे पालकों में एक उत्साह का माहौल है।

पालकों के प्रयास की सराहना

बुडरा के समीप गांव कारीपानी के पालकों से भी डाइट के संकाय सदस्यों ने बातचीत कर बुडरा के पालकों के प्रयास की सराहना की। बुडरा के पालकों का विद्यालय के प्रति लगन एवम समर्पण को देखकर इनके कार्यो से प्रभावित होकर कारीपानी के लोगों ने बुडरा की शैक्षिक गतिविधि एवम ईंट निर्माण की प्रक्रिया को समझने हेतु बुडरा के लोगों से मेल मुलाकात की। आज कारीपानी से कुमारी नेताम,सगाबाई सामरथ, सुकमन नेताम, देवेंद्र सामरथ, रत्ताराम मंडावी, गीतेश यादव, द्वारिका प्रसाद एवम वार्ड पंच ओमप्रकाश नेताम ने डाइट प्राचार्य डॉ व्ही. पी. चन्द्रा, संकाय सदस्य कंजन सिंह ध्रुव एवं जोहन नेताम एवं बोराई की सरपंच किरणदेवी भोयर की उपस्थिति में बुडरा के लोगों से बातचीत कर कारीपानी विद्यालय हेतु ईंट बनाने का संकल्प लिया। आने वाले दिनों में यहाँ के पालक भी रचनात्मक कार्य करेंगे।

कोयला व रेत का अवैध परिवहन एक हाइवा व एक ट्रेलर जब्त

सूरजपुर/नवप्रदेश। अवैध कारोबार पर पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी है। जयनगर पुलिस ने मुखबीर से सूचना पर हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 7108 वाहन एवं उसमें लोड रेत जप्त किया है। वहीं दूसरे मामले में मुखबीर की सूचना पर ग्राम कुंजनगर में ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 4751 को रोका गया जिसे चेक करने पर उसमें कोयला लोड़ पाया। मामले में ट्रेलर वाहन एवं उसमें लोड़ कोयला 29.6 टन कीमत करीब 3 लाख रूपये को जब्त किया गया।

संविदा भर्ती हेतु वाक-इन-इन्टरव्यू 03 जून को

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, रायपुर द्वारा जिले में संचालित अंग्रेजी माध्यम के शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ओड़गी, भैयाथान, प्रेमनगर, नावापारा में शेष रिक्त पद व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक एवं प्रयोगशाला सहायक की प्रतिनियुक्ति, संविदा भर्ती हेतु निर्धारित प्रपत्र मे आवेदन पत्र भरकर 03 जून 2022 को वाक-इन-इन्टरव्यू के लिए कार्यालय जिला पंचायत जिला सूरजपुर मे समस्त आवश्यक दस्तावेजो की स्वयं प्रमाणित छाया प्रति एवं मूल प्रमाण पत्रो के साथ उपस्थित हो सकते है।

प्रथम पेज का शेष

सीएम की पारखी ...

देख लिया। लोकेश्वरी नाम की बिटिया को मुख्यमंत्री ने अपने पास बुलाया, उसके सिर पर हाथ फेरा और उसे पानी पिलाया. लोकेश्वरी अब शांत थी उसने मुख्यमंत्री से बात की और बताया कि उसके पिता की 15 साल पहले मौत हो चुकी है। घर ना होने की वजह से अपनी विधवा मां और भाई के साथ अपने मामा के यहां रहने को मजबूर है। आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से वो और उसका भाई पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि घरेलू कार्यों में मां की मदद करनी पड़ती है। रोती हुई लोकेश्वरी के आंसुओं को पोंछते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल उसकी मदद की। मदद के लिए आवेदन की आवश्यकता थी तो बस्तर जिले के प्रभारी सचिव डॉ. अयाज भाई तंबोली ने उसका आवेदन अपने हाथों से लिखा और मुख्यमंत्री को दिया। बाल मन की संवेदनाओं को बेहतर समझने वाले मुख्यमंत्री ने इस आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए लोकेश्वरी को 3 लाख रूपए की आर्थिक मदद स्वीकृत कर दी।रोती हुई लोकेश्वरी अपने चेहरे पर मुस्कान और आंखों में विश्वास की चमक लेकर वापस लौटी क्योंकि यही है तो है छत्तीसगढ़ सरकार का मूलमंत्र, विकास विश्वास और सुरक्षा।

मुख्यमंत्री ने भी...

खेलकूद के साथ ही पढ़ाई भी कराई। बच्चों का इतना समग्र विकास हुआ कि आज यहीं के एक बच्चे जीवनदास ने मुख्यमंत्री को अपना लर्निंग सेंटर दिखाया। बच्चे ने अपना गिल्ली डंडा दिखाया, फि र भौंरे का कौशल दिखाया। फिर आखरी में मासूमियत से कहा कि मुझे रस्सीकूद अच्छा लगता है। आप भी कूद कर दिखाओ। मुख्यमंत्री ने बच्चे के आग्रह को मानते हुए रस्सीकूद कर दिखाया। फिर भौंरा भी चलाकर दिखाया। गिल्ली डंडा भी खेला। इससे सारे बच्चे बहुत खुश हो गये।

उस्का कांदा की सब्जी ...

चावल), पेज (चावल+माड़िया (रागी), आम गुड़ पुदीना चटनी, केयू सरसों टोपा भेंडा चटनी, केयू सलाद, केयू कांदा सरसों सब्जी, चेंच भाजी+बास्ता(करील), उड़द दाल, कुल्थी दाल, राहर दाल, तरगरिया कांदा सब्जी + कुल्थी, सलाद(प्याज+मूली+गाजर) परोसा गया।

जब बुजुर्ग ने लोक...

लक्ष्मीनाथ मांझी बताया। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें मांझी दादा कहकर संबोधित किया। लक्ष्मीनाथ मांझी ने स्थानीय भाषा में गीत के रूप में छत्तीसगढ़ के योजनाओं की तारीफ की जिस पर लोगों ने भी तालियां बजायीं। मांझी दादा के द्वारा गीत के रूप में योजनाओं के बारे में बताने पर मुख्यमंत्री ने भी उनको धन्यवाद दिया।

56 करोड़ 42 लाख के ...

54 लाख रुपये के 19 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं।

सेनानी की जांबाजी ...

और सेवाभाव का परिचय देकर एक्सिडेंट हुए वाहन के चालक और सहचालक को त्वरित चिकित्सा उपलब्ध कराई तथा वाहन में लग रही आग को अग्निसमन यंत्र से बुझवाया।

वेश्यावृत्ति को सुप्रीम ...

पीड़ित किसी भी महिला को मिलती हैं। कई मामलों में यह देखा गया है कि पुलिस सेक्स वर्कर्स के प्रति क्रूर और हिंसक रवैया अपनाती है। ऐसे में पुलिस और एजेंसियों को भी सेक्स वर्कर के अधिकारों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। पुलिस को सेक्स वर्कर के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करना चाहिए। उनके साथ मौखिक या शारीरिक रूप से बुरा व्यवहार पुलिस को नहीं करना चाहिए। सेक्स वर्कर को कोई भी यौन गतिविधि के लिए मजबूर नहीं कर सकता।

जिंदा सरपंच और उप...

अमलेश्वर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पहंदा के सरपंच मोहन लाल साहू और उपसरपंच सुरेंद्र साहू की मौत की झूठी खबर सोशल मीडिया फेसबुक और वाट्सएप पर फैला दिया। मामला सामने आने के बाद सरपंच के परिजन और समाज के पदाधिकारियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। यह पूरा कांड गांव के ही महेश साहू नाम के युवक ने किया था। सरपंच व उपसरपंच से उसकी आपसी दुश्मनी थी। इसी खुन्नस में उसने यह झूठी खबर सोशल मीडिया में फैलाई। सरपंच मोहन साहू तहसील साहू संघ पाटन के प्रचार सचिव व उप सरपंच सुरेंद्र साहू तहसील साहू संघ पाटन के सह संयोजक भी हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने महेश साहू को गिरफ्तार का आईटी एक्ट के तहत जेल भेज दिया है।

गांव का युवक 9 मई ...

गया था। इसकी वजह से वह सरपंच-उप सरपंच से रंजिश रखता था। अब उसकी हरकतों से परेशान होकर समाज के लोगों व ग्रामीणों ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपी को फिलहाल गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

भटगांव पुलिस ने अवैध कोयला परिवहन कर रहे ट्रक को किया जब्त

सूरजपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई लगातार जारी है। थाना भटगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 2652 में अवैध कोयला लोड़ कर महान-2 खदान की ओर से लटोरी की ओर जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम सोनगरा में घेराबंदी लगाया तभी ट्रक आता दिखा जिसे रोकने का इशारा करने पर चालक ने ट्रक को तेज गति से भगाकर ले गया और कुछ दूर जाने के बाद ट्रक छोड़कर फरार हो गया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें कोयला लोड पाया गया, वाहन में लोड़ कोयला चोरी का होने की पूर्ण अंदेशा पर 3 टन कोयला कीमत 20 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त ट्रक वाहन कीमत करीब 80 हजार रूपये को जब्त कर लिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

कार की चपेट में आने से पांच लोगों की घटनास्थल पर मौत

ग्वालियर (वार्ता)। मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले में आज एक कार की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार बिजौली थाना क्षेत्र के राजमार्ग पर सड़क किनारे बैठकर बस का इंतजार कर रहे पांच लोगों को एक कार ने रौंद दिया। इस घटना में पप्पू जाटव, राजाबेटी, दूसरी राजाबेटी, दो बच्चियां रेशमा और पूनम की घटनास्थल पर मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि ये लोग मुरैना निवासी थे। यहां किसी शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच गुस्साए लोगों ने चक्का जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गई है।

कुपवाड़ा में लश्कर-ए-तैयबा के तीन पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर

श्रीनगर (वार्ता)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि तीनों ने घुसपैठ की कोशिश की थी, जिसके बाद उन्हें सेना और पुलिस ने नियंत्रण रेखा के पास जमागुंड गांव में रोक लिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान

कुपवाड़ा पुलिस द्वारा आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ की कोशिश के संबंध में मिली विशेष सूचना के आधार पर शुरू किया गया था।

पुलिस अधिकारी ने कहा,'गांव में एक मुठभेड़ हुई, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए।'

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा कि मारे गए तीनों आतंकवादी पाकिस्तानी थे, जो लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहे थे।

उन्होंने कहा,'आतंकवादियों के पास से बरामद किए गए आपत्तिजनक सामग्री से तीनों की पहचान पाकिस्तानी के रूप में हुई है, जो आतंकी संगठन लश्कर से जुड़े हैं।'

उन्होंने कहा,'इस वर्ष अभी तक जैश-ए-मुहम्मद के 14 और एलईटी के 12 कुल 26 पाकिस्तानी आतंकवादी मारे जा चुके हैं।'

बाल फिल्म समारोह 28 मई को

भोपाल। भारत भवन में 28 मई से तीन जून तक बाल फिल्म समारोह मनाया जा रहा है। समारोह के दौरान प्रतिदिन शाम को 6.30 बजे से चर्चित और रोचक बाल फि ल्म दिखाई जाएगी। भारत भवन, बाल फि ल्म समिति, दुश्यम फि ल्म, शेमारू एंटरटेनमेंट लिमिटेड, रौनी स्कूलवाला, सिल्वटून पिक्चर कम्पनी द्वारा यह समारोह किया जा रहा है। इसमें सामान्य फि ल्म के साथ एलिमेटेड फि ल्म भी शामिल होंगी। सभी दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा। 28 मई को निर्देशक नागेश कुकुनुर की धनक, 29 मई को निर्देशक वीरेंद्र सैनी की कभी पास कभी फेल, 30 मई को मुझसे दोस्ती करोगे और 31 मई को निर्देशक अन्नू कपूर की फि ल्म अभय का प्रर्दशन किया जाएगा।

नवविवाहिता बोली- मेरा पति नपुंसक

इंदौर। एक नव-विवाहिता ने नपुंसक पति और परिवारवालों पर दहेज प्रताडऩा का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि पति को गंभीर बीमारियां हैं, बीमारियां छुपा कर शादी की गई है। हनीमून पर भी उन्होंने मुझसे रिलेशन नहीं बनाए। मैंने आपत्ति ली तो कहा कि वह पति धर्म नहीं निभा सकते। शादी के ठीक पहले जबरदस्ती मेरे परिजनों से पाँच लाख रुपए वसूले गए। थाना प्रभारी ज्योति शर्मा ने बताया कि नेहरू नगर खेत्र में रहने वाली नव-विवाहिता ने मुंबई निवासी पति भूपेंद्र बावसकर, सास शिलपा, ननद मेघना और नंदोई निखिल के खिलाफदहेज प्रताडऩा का केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि शादी के बाद वह मुंबई अपने ससुराल पहुंची। करीब एक सप्ताह तक वह वहां रही। पति भूपेंद्र ने मुझसे रिलेशन नहीं बनाए। बाद में हनीमून पर गए, वहां भी पति मुझसे दूर-दूर ही रहा। मैंने इस पर आपत्ति ली तो पति ने बताया कि उसे कई बीमारियां हैं। मैंने विरोध किया। मैं वापसए अपने ससुराल मुंबई पहुंची। यहां ससुराल वाले बाद में दस लाख रुपए की मांग कर विवाद करने लगे। मैं इंदौर आई और यहां मैंने परिजनों को सारी बात बता कर प्रकरण दर्ज करवाया है। इसी साल फरवरी माह में उसकी शादी हुई थी। दहेज लोभी ससुराल वालों ने शादी के एक दिन पहले पाँच लाख रुपए और पाँच तोला गोल्ड की मांग कर दी। परिवार वालों ने शादी के लिए व्यवस्था कर उन्हें पैसा और सोना दिया। जिसके बाद शादी हुई।

जल जीवन मिशन में 609 करोड़ रुपए की योजनाएं मंजूर

भोपाल। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा है कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्य पूरी गति से चल रहे हैं। प्रत्येक ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन से जल पहुंचाने के लिए जल-प्रदाय योजना का कार्य पूर्ण होते ही जलप्रदाय प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 608 करोड़ 55 लाख 87 हजार रुपए लागत की जल-प्रदाय योजनाओं की स्वीकृति जारी की है, जिनमें नवीन और रेट्रोफिटिंग योजनाएं शामिल हैं। जल जीवन मिशन में प्रदेश के 49 लाख 80ह जार से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल मुहैया करवाया जा चुका है।

बच्चों की खुशहाली के लिए आगे आएं समाज

भोपाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आंगबाड़ी के बच्चों के लिए खिलौने जुटाने की जो पहल की है, उससे न सिर्पु इन बच्चों के जीवन में खुशियां आएंगी, बल्कि उनकी इस पहल ने प्रदेश के जन-जन को आंगनबाड़ी के बच्चों से जोड़ दिया है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में लोग बच्चों के लिए खिलौने और अन्य खेल सामग्री देने के लिए आ रहे हैं। यह बात भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को उनकी इस

कपिल सिब्बल के पार्टी छोड़ने से डरी कांग्रेस!

अब जी-23 के इस नेता को राज्यसभा भेजने पर मंथन

मुंबई(ए.)। कांग्रेस के सीनियर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे कपिल सिब्बल ने पार्टी छोड़ सपा के समर्थन से राज्यसभा जाने का फैसला ले लिया है। बुधवार को ही उन्होंने लखनऊ पहुंचकर नामांकन किया था। इस घटनाक्रम पर भले ही कांग्रेस ने खुलकर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन अंदर ही अंदर मंथन चल रहा है। अब पार्टी महाराष्ट्र से मुकुल वासनिक को राज्यसभा में भेजने की तैयारी कर रही है, जो दी-23 का हिस्सा रहे हैं। महाराष्ट्र से असंतुष्टों के गुट जी-23 में दो ही नेता शामिल थे, पृथ्वीराज चव्हाण और मुकुल वासनिक। लेकिन कांग्रेस मुकुल वासनिक को राज्यसभा की खाली सीट पर भेजने पर विचार कर रही है। माना जा रहा है कि वह कपिल सिब्बल के एग्जिट से डरी हुई है। अब वह कुछ और सीनियर नेताओं को खोना नहीं चाहती।

जी-23 नेताओं की ओर से अगस्त 2020 में कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक पत्र लिखा गया था, जिसमें संगठन में बड़े बदलावों की मांग की गई थी। लोकसभा चुनाव और राज्यों में लगातार हार के बाद यह पत्र लिखा गया था। इस लेटर को लिखने वाले नेताओं में भूपिंदर सिंह हुड्डा, कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, मुकुल वासनिक, शशि थरूर, मनीष तिवारी, पृथ्वीराज चव्हाण समेत कई सीनियर नेता शामिल थे। कांग्रेस के एक सीनियर नेता ने कहा कि 10 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए मुकुल वासनिक पार्टी के कैंडिडेट हो सकते हैं।

अब तक इस सीट से पी. चिदंबरम राज्यसभा में थे। पार्टी नेता ने कहा कि पी. चिदंबरम की भी एक बार फिर से राज्यसभा जाने की दावेदारी है, लेकिन उन्हें इस बार तमिलनाडु से भेजने की तैयारी है। यूपीए की सरकार के दौर में मुकुल वासनिक सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण मंत्री थे। उनके पिता बालकृष्ण वासनिक भी कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं। 4 बार लोकसभा के लिए चुने जा चुके मुकुल वासनिक को 2014 के आम चुनाव में शिवसेना के कृपाल तुमाने के मुकाबले रामटेक सीट से हार का सामना करना पड़ा था। फिलहाल मुकुव वासनिक कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी हैं।

आनंद शर्मा और गुलाम नबी आजाद को भी दिया है सम्मान

दरअसल बीते कुछ दिनों में कांग्रेस ने असंतुष्ट नेताओं को जगह देने की कोशिश की है। जी-23 में शामिल रहे सीनियर नेताओं आनंद शर्मा और गुलाम नबी आजाद को कांग्रेस ने दो राजनीतिक समितियों में जगह दी गई है, जिनका गठन चिंतन शिविर के बाद किया गया है। इन समितियों को पार्टी में सुधार के लिए सुझाव देने का काम सौंपा गया है।

ऑनलाइन गेम खेलने के लिए कातिल बना किशोर

छोटे भाई का कत्ल करके कुएं में फेंका

अहमदाबाद। गुजरात के खेड़ा में एक ऑनलाइन गेम खेलने के लिए एक भाई ने दूसरे की जान ले ली। दरअसल, मोबाइल फोन को लेकर दो सगे भाईयों में लड़ाई हो गई। जानकारी के अनुसार, 16 साल के एक भाई ने अपने छोटे भाई की पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को कुंए में फेंक दिया।

खेड़ा शहर पुलिस के उप निरीक्षक एस पी प्रजापति ने बताया कि घटना सोमवार को गोबलेज गांव में हुई और नाबालिग आरोपी को बुधवार को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, परिवार राजस्थान के बांसवाड़ा जिले का रहने वाला है और मजदूर का काम करने के लिए खेड़ा गांव में आया था।

प्रजापति ने कहा कि 23 मई को दोनों भाई बारी-बारी से मोबाइल फोन पर गेम खेल रहे थे। इस बीच आरोपी ने अपने 11 वर्षीय छोटे भाई के साथ लड़ाई की। जिसने खेलने की बारी आने पर उसे मोबाइल देने से इनकार कर दिया था। गुस्से में किशोर ने अपने छोटे भाई के सिर पर एक बड़े पत्थर से हमला कर दिया। इस हमले में आरोपी का छोटा भाई बेहोश हो गया। इसके बाद आरोपी भाई ने तार लगे पत्थर से छोटे भाई को बांध दिया और पास के एक कुएं में फेंक दिया। इस वक्त घटनास्थल पर दोनों के अलावा और कोई मौजूद नहीं था।

भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाला देश : मोदी

हैदराबाद (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत आज दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाला देश है और हम देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बन गया है।

श्री मोदी अपराह्न हैदराबाद में प्रतिष्ठित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा,'भारत आज आर्थिक वृद्धि के बड़े केंद्र के रूप में उभर रहा है और पिछले साल भारत में अबतक का सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया।'

गौरतलब है कि वर्ष 2021-22 में कोविड की चुनौतियों और भू-राजनैतिक तनाव के बावजूद देश में एफडीआई 83.57 अरब डॉलर के बराबर रहा।

श्री मोदी ने कहा,'आज दुनिया यह महसूस कर रही है कि भारत जो भी कहता है काम की बात कहता है।'

श्री मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आईएसबी को राष्ट्र को समर्पित किया था। आज यह एशिया के सर्वश्रेष्ठ बिजनेस स्कूलों में गिना जाने लगा है। इस संस्थान से अबतक 50,000 छात्र-छात्राएं शिक्षित होकर निकले हैं।

श्री मोदी ने भारत में उद्योग व्यवसाय और नवप्रवर्तन के क्षेत्र में तेजी से हो रही प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा,'आज भारत जी-20 देशों के समूहों में सबसे तेजी से वृद्धि कर रही अर्थव्यवस्था है। स्मार्टफोन का डाटा के उपयोग के मामले में भारत पहले नंबर पर है और इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या को देखें तो हम दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं।'

श्री मोदी ने समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप (नवप्रवर्तनकारी विचारों को लेकर शुरू किए गए उद्यम) का तीसरा सबसे तंत्र विकसित हो चुका है और देश दुनिया का तीसरा सबसे उपभोक्ता बाजार बन चुका है। उन्होंने कहा,'वैश्विक रिटेल इंडेक्स में भारत दुनिया में दूसरे नंबर है।'

उन्होंने कहा कि आईएसबी से सीख-पढ़कर कर निकले देश में कारोबार को गति दे रहे हैं और बड़ी कंपनियों के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इन विधार्थियों ने सैंकड़ों स्टार्ट-अप खड़े किए हैं और अनेकों यूनीकॉर्न्स(एक अरब डॉलर से ऊपर की हैसियत वाली कंपनियों) को खड़ा करने में उनकी भूमिका रही है। आईएसबी की इस उपलब्धि पर देश को गर्व है। विभिन्न एजेंसियों ने 2022-23 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर को 7-7.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रैल के अपने अनुमान में चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर के अनुमान को पहले के 7.8 प्रतिशत से घटाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के दबाव के कारण अप्रैल में वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया था।

कर्नाटक में हिजाब को लेकर फिर खड़ा हुआ विवाद

चेन्नई। कर्नाटक में एक बार फिर हिजाब को लेकर हंगामा हुआ है। मेंगलुरु के हम्पंकत्ता इलाके में यूनिवर्सिटी कॉलेज के कई छात्रों ने कैंपस में हिजाब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि एक हफ्ता पहले बेंगलुरु में आयोजित मैंगलोर यूनिवर्सिटी सिंडिकेट बॉडी मीटिंग में फैसला लिया गया था कि उनके सभी कॉलेजों में ड्रेस कोड का सख्ती से पालन किया जाएगा।

इससे पहले यूनिवर्सिटी कॉलेज में मुस्लिम छात्राओं को वर्दी शॉल का उपयोग करके हिजाब पहनने की अनुमति थी। कॉलेज के प्रॉस्पेक्टस में भी इसका जिक्र है। हालांकि, सिंडिकेट की बैठक में अचानक क्लास के अंदर और बाहर हिजाब पहनने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया गया। पिछले हफ्ते आधिकारिक तौर पर यूनिवर्सिटी के सभी कॉलेजों में इस नियम का सख्ती से पालन करने का आदेश जारी किया गया था। जानकारी के मुताबिक कॉलेज अधिकारी इस नियम को यूनिवर्सिटी कॉलेजों में पूरी तरह से लागू नहीं कर पाए क्योंकि मुस्लिम लड़कियां इस फैसले का विरोध कर रही थी। कुछ लड़कियों ने कॉलेज प्रशासन का फैसला स्वीकार करते हुए हिजाब हटाकर कॉलेज आना शुरू कर दिया।

'दिल्ली की सड़कों पर ज्यादा दिखूंगा'

विनय सक्सेना ने शपथ लेते ही दिए केजरीवाल को संकेत

नई दिल्ली। विनय सक्सेना ने दिल्ली के उपराज्यपाल के पद की शपथ ले ली है। उन्हें 22वें उपराज्यपाल के तौर पर दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने शपथ दिलाई। शपथ के तुरंत बाद विनय सक्सेना ने बड़े संकेत भी दे दिए। उन्होंने कहा कि मैं उपराज्यपाल के तौर पर जनता के लिए काम करूंगा। राजनिवास में कम दिल्ली की सड़कों पर ज्यादा नज़र आऊंगा। उनकी इस टिप्पणी से इस बात के कयास लगने लगे हैं कि भविष्य में वह जनता के मुद्दों पर मुखर हो सकते हैं और इससे अरविंद केजरीवाल की दिल्ली सरकार से उनका टकराव देखने को मिल सकता है। बता दें कि इससे पहले अनिल बैजल, नजीब जंग से भी अरविंद केजरीवाल की सरकार का टकराव देखने को मिला था।

गुजरात में लंबे समय तक कार्यरत रहे विनय सक्सेना ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण सबसे बड़ी समस्या है और मैं उसे समाप्त करने के लिए काम करूंगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक बड़ा तबका गरीबों का है, जो असंगठित क्षेत्र में काम करता है, मैं उन लोगों के लिए काम करूंगा। उन्होंने साफ किया कि मैं दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम करूंगा। विनय सक्सेना ने कहा कि मेरा सपना है दिल्ली को सिटी ऑफ जॉय और सिटी ऑफ फ्लावर्स बनाने का है। कुछ साल पहले उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों का भी विनय सक्सेना ने इस दौरान जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुछ समय से दंगे फसाद हुए है। मैं हिन्दू मुस्लिम भाईचारे पर दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम करूंगा।

शपथ समारोह में मौजूद थे केजरीवाल और गिरिराज सिंह

विनय सक्सेना के शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार में मंत्री गिरिराज सिंह, दिल्ली सरकार के कई मंत्री, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, शीर्ष नौकरशाहों के अलावा दिल्ली के कई सांसद और विधायक भी मौजूद रहे। बता दें कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष का पद संभालने वाले 64 वर्षीय विनय कुमार सक्सेना को 23 मई को दिल्ली के नए एलजी के रूप में नियुक्त किया गया था। उससे पहले अनिल बैजल ने 'व्यक्तिगत कारणों' का हवाला देते हुए बीते 18 मई को उपराज्यपाल के पद से इस्तीफा दे दिया था। सक्सेना कानपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। उनके पास पायलट लाइसेंस भी है।

गवर्नर जगदीप धनखड़ से तनाव के बीच बदलेगा कानून

सीएम ममता बनर्जी होंगी सभी स्टेट यूनिवर्सिटीज की चांसलर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की कैबिनेट ने फैसला किया है कि अब राज्य द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों के चांसलर गवर्नर नहीं बल्कि मुख्यंत्री होंगी। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्या बसु ने कहा कि इस फैसले को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है और अब विधानसभा में कानून में संशोधन करके इसे लागू किया जाएगा। बता दें कि इससे पहले राज्य के विश्वविद्यालयों का चांसलर गवर्नर होते थे जो कि कुलपतियों की भी नियुक्ति करते थे।

एक साल से प्लान बना रही थी सरकार

बता दें कि पश्चिम बंगाल में राज्यपाल जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच विवाद किसी से छिपा नहीं है।

राज्य सरकार के इस फैसले के बाद एक बार फिर राजभवन और राज्य सरकार के बीच वाद-विवाद हो सकता है। इस फैसले को लेकर बात एक साल पहले से ही चल रही थी। राज्य सरकार का कहना था कि राज्यपाल की वजह से विश्विविद्यालयों के कुलपति की नियुक्ति में देरी हो रही है। उनका कहना था कि इन नियुक्तियों में राजनीतिक दखलअंदाजी हो रही है।

तमिलनाडु सरकार ने भी किया था ऐसा फैसला

ममता बनर्जी की सरकार का कहना था कि कुलपति की नियुक्तियों के लिए राज्यपाल के पास नाम भेजे जाते हैं लेकिन मंजुरी नहीं मिलती है। अब विधानसभा में एक नया बिल लाया जाएगा। इसके बाद कानून में संशोधन किया जाएगा। इसी तरह का फैसला तमिलनाडु की सरकार ने भी लिया था। तमिलनाडु में विधानसभा में बिल पेश करके राज्यपाल से कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार छीन लिया गया था। तमिलनाडु के सीएम ने उदाहरण दिया था कि पीएम मोदी के गृह राज्य गुजरात में भी कुलपतियों की नियुक्ति राज्यपाल नहीं बल्कि राज्य सरकार करती है। उन्होंने कहा था कि कर्नाटक सहित अन्य कई राज्यों में भी ऐसा ही होता है।

पांच महीने में 26 विदेशी आतंकी ढेर

■ **घाटी में सुरक्षाबलों ने स्थानीय आतंकियों की तोड़ी कमर**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में इस साल जनवरी से लेकर अभी तक सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से ताल्लुक रखने वाले 26 विदेशी आतंकवादियों को मार गिराया है। गुरुवार को कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुरए लश्कर के तीन आतंकियों को मार गिराया है।

कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने गुरुवार को बताया, 'इस साल अभी तक 26 विदेशी आतंकवादी मारे गए हैं। मारे गए 26 विदेशी आतंकवादियों में से 14 मसूद अजहर के संगठन जैश से ताल्लुक रखते हैं जबकि बाकी 12 का ताल्लुक हाफिज मोहम्मद सईद के संगठन लश्कर से है। जम्मू-कश्मीर के बारामुल्ला जिले के करीरि में बुधवार को एक मुठभेड़ में जैश के तीन आतंकवादी मारे गए थे। वहीं, बांदीपोरा में 13 मई को हुई मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकवादी मारे गए थे। ये दोनों सरकारी कर्मचारी एक कश्मीरी पंडित राहुल भट की हत्या में कथित रूप से संलिप्त थे।

विदेशी आतंकियों का बाहर निकलना हो गई है मजबूरी

सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस महीने कहा था कि घाटी में स्थानीय आतंकवादियों की संख्या कम होने के बाद विदेशी आतंकवादियों के लिए बिल से बाहर निकलना मजबूरी हो गई है। बुधवार शाम को कश्मीरी टीवी एक्ट्रेस अमरीन भट को बडगाम के चदूरा इलाके में लश्कर के तीन आतंकियों ने मार गिराया।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई को

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लाने 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जायेगा। भारत सरकार एवं राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देश अनुसार इस वर्ष विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2022- तम्बाकू हमारे पर्यावरण के लिए खतरा थीम पर मनाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए सीएमएचओ डॉ. नवरत्न ने बताया कि तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव साथ ही पर्यावरण पर होने वाले नुकसान से अधिकारियों/हितधारकों विशेषकर बच्चों को अवगत कराने एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से एवं राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मानसिक समस्याओं जैसे- तनाव, अवसाद, चिड़चिड़ापन, आत्महत्या का विचार आना जैसे मामलों के प्रति जागरूकता हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण/कार्यशाला का आयोजन 27 मई को जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जायेगा।

पेंशन शिविर का आयोजन, 37 प्रकरण निराकृत

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक पहल करते हुए जिले के सभी अनुविभागों में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों की जानकारी प्राप्त होते ही संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर को निराकरण हेतु प्रेषित किया गया है। ताकि संबंधितों को उनके देय स्वत्वों का निराकरण समय पर किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के पहल पर पहली बार अनुविभागीय स्तर पर गरियाबंद,राजिम (फिंगेश्वर), छुरा, मैनपुर एवं देवभोग में विगत 17,18,19 एवं 20 मई 2022 को पेंशन शिविर का आयोजन किया गया था। उक्त शिविर में संबंधित कार्यालयों द्वारा संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर स्तर पर 37 लंबित पेंशन प्रकरणों की जानकारी प्राप्त हुई है।

गौठानों की जमीनी हकीकत, ग्राउंड रिपोर्ट से खुल गई पोल, कहीं गौठान ही नहीं हैं, तो कही व्यवस्था बेहाल

खेतों व गलियों में भटक रहे मवेशी, दम तोड़ रही मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना

यशवंत राजवाड़े

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी के तहत छत्तीसगढ़ के तमाम जिलों के ग्राम पंचायतों में आदर्श गौठान का निर्माण तो कराया गया है। लेकिन गौठान की स्थिति अच्छी है या बदहाल? ये जानने के लिए नवप्रदेश की टीम ने कोरिया जिले के विभिन्न गौठानों का निरीक्षण किया। रियलिटी चेक में हमने पाया कि कहीं तो गोठान ही नहीं हैं, और जहां हैं वहां की व्यवस्था बेहाल है। एक साल पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गोधन न्याय योजना की शुरुआत की थी। बड़े जोर- शोर से शुरू हुई इस योजना के तहत, गौठानों का निर्माण कराया जाना था। प्रदेश के साथ-साथ कोरिया जिले में भी गौठान तो बहुत बने लेकिन उनके हालात क्या हैं? ये जानने के लिए जब नवप्रदेश की टीम ने वन क्षेत्र के गौठान का निरीक्षण किया तो पाया कि आवर्ती चराई के लिए गौठान तो है, लेकिन चारे की कमी से मवेशी ही नहीं है। वहीं व्यवस्था भी पूरी तरह से बदहाल है। भूपेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने गौधन न्याय योजना की शुरुआत की थी। बड़े जोर- शोर से शुरू हुई इस योजना के तहत, गौठानों का निर्माण कराया जाना था। जहां वन सीमा में भी वन विभाग के माध्यम से मवेशियों को चारा उपलब्ध कराने के साथ ही वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार करने की योजना है। इसके तहत जिले में गौठान तो बहुत बने, लेकिन अफसर इसे मेंनटेंन नहीं कर सकें। लिहाजा सीएम भूपेश बघेल की यह महत्वकांक्षी योजना कोरिया जिले में दम तोड़ नजर आ रही।

गौठान बने, लेकिन मवेशी खुले में घूमते मिले

नवप्रदेश की टीम सबसे पहले हम कोरिया वन मंडल के सोनहत स्थित कछाड़ी ग्राम पहुंची। गांव में 5 चिन्हित जमीन पर गौठान बनाया जाना था, लेकिन यहां अभी तक कुछ ही काम हुए। मवेशियों के पीने के लिए पानी का टैंक तो बनाया गया है, मगर टैंक में पानी नहीं है। मवेशियों को इनमें रखने के लिए गौठान बनाया गया, पर खुले में घूमते मिले। न ही सही ढंग से वर्मी कंपोस्ट बनाने का काम ही शुरु हुआ है। न ही चारे की व्यवस्था है। कोरिया वन मंडल के सोनहत के प्रभारी अधिकारी के मुताबिक अभी तक सरकार से गोठान के लिए पैसे नहीं मिले हैं, इसलिए काम बेहद सुस्त तरीके से चल रहा है। इसी तरह कैलाशपुर गौठान का नजारा भी इसी तरह का था।

वर्मी कम्पोस्ट खाद में मिट्टी व कंकड़ की मात्रा

कोरिया वन मंडल स्तिथ सोनहत के कछाड़ी ग्राम में वन विभाग के देखरेख में वर्मी कम्पोस्ट खाद भी बनाया जा रहा किन्तु अधिकारी के मॉनिटरिंग न होने से खाद की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। वहीं जब निर्मित स्थल का जायजा लिया गया तो वास्तव में खाद की गुणवत्ता को लेकर संदेह हुआ जहां खाद टैंक सहित बगल में ही मिट्टी व कंकड़ अलग से रखा हुआ पाया गया जिसे वन विभाग के अधिकारी कचड़ा कहकर पल्ला झाड़ते नजर आए।

मैं खुद जाकर कार्य थोड़ी न करूंगा

इस संबंध में जब कोरिया वन मंडल के प्रभारी अधिकारी अर्जुन पटनायक से चर्चा की गई तो उन्होंने अपनी जिम्मेदारी की बजाय दूसरे पर आरोप लगाते हुए कहा कि आवर्ती चराई के साथ ही गोठान का निर्माण कराया जा रहा मैं खुद जाकर थोड़ी न कार्य करूंगा। संबंधित डिप्टी रेंजर ही इस संबंध में आप को जानकारी देंगे। कोई स्पष्ट निर्देश नही हैं कि क्या क्या कार्य होना है जो अधिकारी निर्देश देते हैं उसी आधार पर कार्य संबंधित डिप्टी रेंजर कार्य करवा रहे हैं।

व्यवस्था है तो भी इस्तेमाल नहीं हो रहा

रियलिटी चेक में साफ नजर आता है कि कहीं व्यवस्था ही नहीं है और कही व्यवस्था है भी तो उसका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा। यानि वन सीमा में निर्मित आवर्ती चराई गौठान में लापरवाही और अव्यवस्था का आलम है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। गोठानों के रियलिटी चेक में एक के बाद एक सच्चाई सामने आ रही है। कहीं अव्यस्था फैला है तो कहीं मवेशियों के लिए शेड ही नहीं बने हैं। बारिश का मौसम शुरू होने की वाला है, ऐसे में यहां के हालात क्या होंगे आप अंदाजा लगा सकते हैं। गोठानों पर केवल गोबर खरीदी की जाती है। यहां के गौठानों के हालत बेहद खस्ता है, यहां ना तो चारा है और ना ही चारागाह। सोचिए इन जगहों पर अगर मवेशी रहेंगे तो क्या होगा? इतना ही नहीं गोठानों का लकड़ी शेड भी जर्जर हो चुका है। बारिश के मौसम में यहां के हालात बेहद खराब हो सकते हैं।

चंद्रनाहुं कुर्मी समाज उपक्षेत्र के पदाधिकारियों ने ली शपथ

कवर्धा/नवप्रदेश। चंद्रनाहुं कुर्मी क्षत्रिय समाज उपक्षेत्र खरहट्टा व पलानसरी में शपथ ग्रहण समारोह व पूर्व राज अध्यक्ष का सम्मान समारोह का आयोजन जालेश्वर महादेव घाट में किया गया। जहां खरहट्टा उपक्षेत्र से अध्यक्ष खगेश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, सचिव राजकुमार चंद्रवंशी कोषाध्यक्ष रामफल चंद्रवंशी, संगठन मंत्री ऋषि चंद्रवंशी, राज प्रतिनिधि तुकाराम चंद्रवंशी, नारद चंद्रवंशी, डाकोर चंद्रवंशी, राघव चंद्रवंशी, नंदकुमार चंद्रवंशी महिला प्रतिनिधि अहिल्या चंद्रवंशी, इंद्राणी चंद्रवंशी एवं पलानसरी उपक्षेत्र के अध्यक्ष द्वारिका चंद्रवंशी एवं उपाध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी, सचिव कमल चंद्रवंशी,कोषाध्यक्ष केशव चंद्रवंशी,संगठन मंत्री सत्रुहन चंद्रवंशी,राजप्रतिनिधि बाला राम चंद्रवंशी,जलेश चंद्रवंशी,केशव चंद्रवंशी, प्रमोद चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, महिला प्रतिनिधि इंद्रा चंद्रवंशी, नंदरानी चंद्रवंशी इन सभी पदाधिकारियों को पूर्व राज अध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी ने शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी ने कहा कि हम सब कुर्मी समाज के लोगों को अपने समाज की रीति-नीति व नियमावली को जन-जन तक पहुंचाना है। पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी ने कहा समाज संगठन को बनाये रखने के लिए नियमित रूप से बैठक व सामाजिक नियमावली को कठोरता पूर्वक पालन किया जाए। राज अध्यक्ष लाल बहादुर चंद्रवंशी ने समाज मे खर्च कम करते हुए समाज में आदर्श विवाह को बढ़ावा देने के साथ समाज को संगठित करने का बात कहा। तुकाराम चंद्रवंशी ने समाज मे युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित हो इस पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपक्षेत्र अध्यक्ष खगेश चंद्रवंशी, द्वारिका चंद्रवंशी, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सतीश चंद्रवंशी, बिरकोना उपक्षेत्र अध्यक्ष रामप्रसाद चंद्रवंशी, अमलीडीह उपक्षेत्र अध्यक्ष राजेश चंद्रवंशी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजू चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, भागवत चंद्रवंशी, प्रमोद चन्द्रवंशी, ठाकुर राम चंद्रवंशी, झम्मन चंद्रवंशी, टेकराम चंद्रवंशी तमेश चंद्रवंशी रवि चंद्रवंशी,विनोद चंद्रवंशी, वीरेंद्र चंद्रवंशी, डॉ राजेश चंद्रवंशी सहित भारी संख्या में युवा व ग्रामवासी उपस्थित थे।

झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद राजनेताओं को दी गई श्रद्धांजलि

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। विधायक अनिता भेंडिया के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस द्वारा 25 मई 2013 को आज ही के दिन झीरम घाटी नक्सली हमले में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सहित वीर जवान शहीद हो गये थे उनके नौंवी पुण्य स्मृति को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। शहीद विद्याचरण शुक्ल, नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार, योगेंद्र शर्मा, दिनेश पटेल, कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित वीर जवानों के तैल चित्र पर माल्यार्पण तिलक व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजली दी गई और झीरम घाटी घटना को शहीद दिवस के रूप मनाया गया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, जिला सचिव रवि जायसवाल, जिला सयुक्त महामंत्री रामजतन भारद्वाज, प्रमोद तिवारी, प्रशांत बोकड़े, पारसमल जैन ने शहादत दिवस पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला सयुक्त महामंत्री विजय जोगदण्ड, जिला अल्पसंख्यक महामंत्री रूबी एंथोनी, एल्डरमैन महेन्द्रन अप्पू, जगदीश श्रीवास, कोषाध्यक्ष नवीन कथूरिया, महामंत्री श्रीनिवास राव, प्रवीण शर्मा, प्रदीप बाघ, जितेन्द्र मेश्राम, रामू शर्मा, पप्पू पंजवानी, पी एम सोहेल, विलियम भौरा, प्रदीप बबलू, प्रमोद चौधरी, काकू रंधावा, अनिल कोम्बे, अजय बघेल सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

संविदा भृत्य व चौकीदार की अस्थायी नियुक्ति के लिए प्रतिक्षा सूची जारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के 05 विकासखंडों में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर, देवभोग, छुरा, मैनपुर एवं गरियाबंद के लिए संविदा भृत्य/चौकीदार की भर्ती अस्थायी नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए 05 मई को आमंत्रित किया गया था। आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन में न्यूनतम योग्यता व प्रमाण पत्रों के परीक्षण व छानबीन उपरांत चयन व प्रतीक्षा सूची जिले के अधिकृत वेबसाइट गरियाबंद डाट जीओवी डाट इन पर अपलोड किया गया है जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

सरिता ने दिया पीएम को धन्यवाद

भटगांव। जिला पंचायत एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य सरिता शिव भारती ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाने और गैस सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व मे केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर 9.5,डीजल पर 7 एक्साइज ड्यूटी घटाकर व गैस सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी देकर आम जनता को बहुत बड़ी राहत दी है। सरिता शिव भारती ने कहा कि पीएम मोदी देश के हर वर्ग की चिंता करने वाले एक संवेदनशील नेता है। इस जनहित निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का आभार व्यक्त करती हूँ जिससे सभी वर्ग के लोगों को बहुत राहत मिली है। राज्य सरकार चाहे तो कई खाद्य पदार्थों एवं अन्य सामानों पर भी जल्द महंगाई कम हो सकती है।

झीरम घाटी में शहीद हुए दिवंगत नेताओं को दी गई श्रद्धांजलि

देवकर/नवप्रदेश। झीरम घाटी में 25 मई 2013 को हुए नक्सली घटना में प्रदेश कांग्रेस के दिवंगत शीर्ष नेताओं को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहीद स्मारक परिसर में श्रद्धांजलि दिवस का आयोजन किया गया। दिवंगत हुए नेताओं और शहीद पुलिस कर्मियों के प्रति कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। 25 मई 2013 को कांग्रेस के परिवर्तन यात्रा के दौरान पूरे प्रदेश का भ्रमण करने के बाद उक्त यात्रा बस्तर पहुंची थी और सुकमा कार्यक्रम के पश्चात वापसी के दौरान झीरम घाट में नक्सली हमला से तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर महेन्द्र कर्मा, उदय मुदलियार, दिनेश पटेल सहित प्रदेश के कांग्रेस नेता और पुलिस कर्मियों सहित 29 लोगों की मौत हो गई थी उन्हें याद करते हुए बुधवार को उनके सम्मान में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र के एकता व अमिता को अक्षुण्य बनाये रखने शपथ दिलाई गई। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठजनों ने कहा कि कांग्रेस नेताओं का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। कांग्रेस ने देश के लिए हमेशा बलिदान दिया है। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से बिहारी साहू अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पंचायत देवकर, विनोद कुंजाम विधायक प्रतिनिधि रामसिंग यादव वरिष्ट कांग्रेस, रोशन अग्रवाल एल्डरमैन, राजू कुंजाम पार्षद, विनय देवांगन, विकास राजपूत, संजू वर्मा, दुर्गा साहू, हरीश मनहरे, राहुल कुंजाम, डोकेश साहू, रौनक पाण्डेय समस्त कांग्रेसी उपस्थित रहे।

विधायक शर्मा ने चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी पर पार्टी द्वारा कार्य विस्तार योजना के अंतर्गत मंडल को सशक्त बनाने व बूथों को सक्रिय करने भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने भाटापारा ग्रामीण मंडल के ग्राम मल्दी एवं जेठानी के बूथों में प्रवास कर,बूथ के सदस्यों से संगठन को मजबूत करने चर्चा की । साथ ही गांव में जन चौपाल लगाकर गांव के किसान,महिला समूह व युवाओं से चर्चा की। आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से यह भाजपा के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस अवसर विधायक ने बूथ कार्यकर्ताओं को मेरा बूथ सबसे मजबूत के नारे को सार्थक बनाने के लिए प्ररित किया।

कांग्रेस ने दिया समाज के हर वर्ग को धोखा

कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद गाँव के चौक में जन चौपाल लगा कर गांव के किसान,महिला समूह व युवाओं से संवाद किया। विधायक ने कहा कि -कांग्रेस ने ना सिर्फ किसानों को ठगा है बल्कि समाज के हर वर्ग को धोखा दिया है। विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र जारी कर शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की मगर आज तक किसी बेरोजगार युवा को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया। धान के समर्थन मूल्य व बोनस के नाम पर किसानों को ठगा है।महिला समूह को कर्जा माफी के नाम पर ठगा है और जनता को पुर्ण शराब बंदी के नाम पर ठगा है। भूपेश सरकार ने राज्य को कर्ज में डुबो दिया है जिसका खामियाजा जनता को ही भुगतना पड़ेगा। बैठक में भाजपा जिला मंत्री महाबल बघेल,राम कुमार साहु,रामाधार वर्मा,दुर्गा प्रसाद वर्मा,राकेश वर्मा,सियाराम साहु ,बृजलाल यादव,शत्रुघ्न वर्मा,धनुष वर्मा,नेतराम वर्मा,भोला वर्मा,दानी साहु,भुषन पांडे,गंगा प्रसाद वर्मा,भरत यदु,ओमप्रकाश वर्मा,भरत ध्रुव, टीकाराम यादव,यश देवांगन,गोविन्द यदु,डेविड वर्मा,भूपेन्द्र वर्मा सहित बूथ के सदस्य गण उपस्थित थे।